दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 200 | ग्वालियर सोमवार 27 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8

हर दूसरे दिन एक लाख मरीज बढ़ रहे

देश में कोरोना के मामले 14 लाख के पार

नई दिल्ली। देश में कोरोना मरीजों का आंकड़ा रविवार को 14 लाख के पार हो गया है। लगातार दूसरी बार है कि एक लाख मरीज होने में केवल दो दिन लगे। संक्रमण का पहला मामला 30 जनवरी को सामने आया था। इसके बाद एक से पांच लाख केस होने में 146 दिन लगे थे लेकिन 5 से 14 लाख केस यानी बाकी 9 लाख संक्रमण के मामले होने में महज 30 दिन लगे। मतलब अब हर दूसरे दिन एक लाख संक्रमित बढ़ रहे हैं। राहत की बात यह है कि संक्रमण से ठीक होने वाले

मरीजों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। अब देश में कोरोना मरीजों का रिकवरी रेट 64.19 प्रतिशत हो गया है। मतलब हर 100 मरीज में 64 मरीज ठीक हो जाते हैं जबकि डेथ रेट 2.30 प्रतिशत है। मतलब हर 100 मरीज में 2 मरीजों की मौत हो रही है। भारत में हर 10 लाख की आबादी में अब 11,798 लोगों की जांच हो रही है। प्रति दस लाख की आबादी में जांच के मामले में भारत दुनिया में 99वें नंबर पर है। अब तक यहां 1.62 करोड़ लोगों की जांच हो रही है। राहत की बात है कि इतनी ही आबादी में संक्रमितों के मिलने का आंकड़ा अभी अन्य देशों के मुकाबले काफी कम है। भारत में हर 10 लाख की आबादी में 1006 संक्रमित मिल रहे हैं। इस मामले में भी भारत दुनिया में 99वें नंबर पर है। केस बढ़ रहे देश में 30 जनवरी को कोरोना का पहला मामला सामने आया था। इसके 110 दिन बाद यानी 10 मई को यह संख्या बढ़कर एक लाख हुई। फिर संक्रमण की रफ्तार में इतनी तेजी आई कि महज 15 दिनों में ही आंकड़ा 2 लाख के पार हो गया। इसके बाद संक्रमितों की संख्या 2 से बढ़कर 3 लाख होने में महज 10 दिन लगे। 3 से 4 लाख मामले होने में 8 दिन और 4 से 5 लाख मामले होने में केवल 6 दिन लगे। केस बढने की यह रफ्तार लगातार तेज हो रही है।

पीएम मोदी की मन की बात कारगिल दिवस पर बोले

पाकिस्तान ने भारत की पीठ में छुरा घोंपने की कोशिश की थी, लेकिन जीत भारतीय सेना के हौसले की हुई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 67वीं बार मन की बात कार्यक्रम में देश की जनता को संबोधित किया। उन्होंने करगिल युद्ध के 21 साल पूरे होने पर इस जंग में जान गंवाने वाले भारतीय सैनिकों को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा- पाकिस्तान ने भारत की पीठ में छुरा घोंपने की कोशिश की थी। दुश्मन पहाड़ पर बैठा था, लेकिन जीत भारतीय सेना के हौसले और सच्ची वीरता की हुई। प्रधानमंत्री ने कहा- वो दिन सबसे अनमोल क्षणों में से एक है। सोशल मीडिया पर भी लोग अपने वीरों को नमन कर रहे हैं। मैं सभी देशवासियों की तरफ से उन वीर माताओं को नमन करता हूं, जिन्होंने ऐसे वीरों को जन्म दिया। 26 जुलाई का दिन बहुत ही खास है। 21 साल पहले करगिल के युद्ध में हमारी सेना ने जीत का झंडा फहराया था। जिन परिस्थितियों में युद्ध हुआ, वह भारत कभी नहीं भूल सकता। पाकिस्तान ने बड़े-बड़े संयूंबे पालकर भारत की भूमि हथियाने का दुस्साहस किया था। भारत तब पाकिस्तान से अच्छे संबंधों के लिए प्रयासरत था। लेकिन कहा गया है- बयरू अकारण सब काहू सों। जो कर हित अनहित ताहू सों। यानी दुष्ट का स्वभाव ही होता है, बिना किसी वजह दुश्मनी करना। ऐसे स्वभाव के लोग हित करने वाले का भी नुकसान सोचते हैं। आप कल्पना कर सकते हैं कि ऊंचे पहाड़ों पर बैठा दुश्मन और नीचे लड़ रही हमारी सेनाएं, लेकिन जीत ऊंचे पहाड़ों की नहीं हमारे जवानों की सच्ची वीरता की हुई। 2. सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट से देश का मनोबल गिरता है करगिल युद्ध के समय वाजपेयी जी ने लाल किले से गांधीजी के मंत्र की याद दिलाई थी- अगर किसी को दुविधा हो कि तुम्हें क्या करना है तो उसे भारत के असहाय गरीब व्यक्ति के बारे में सोचना चाहिए। हम जो सोचते-करते हैं, उससे सीमा पर डटे सैनिक के मन पर गहरा असर पड़ता है। कभी-कभी हम सोशल मीडिया पर ऐसी चीजें फॉरवर्ड करते हैं, जिससे देश का मनोबल गिरता है। आजकल युद्ध केवल मैदान में ही नहीं लड़ा जाता। 3. हमारे यहां कोरोना से मृत्यु दर कई देशों से कम हमारे यहां कोरोना से मृत्यु दर दुनिया के काफी देशों से कम है, लेकिन कोरोना अब भी उतना ही घातक है, जितना शुरू में था। चेहरे पर मास्क, दो गज की दूरी, कहीं थूकना नहीं, इस बात का ध्यान रखना है। यही हमें कोरोना से बचा सकता है। कभी-कभी हम मास्क से परेशानी महसूस करते हैं। इस समय कोरोना वॉरियर्स को याद कीजिए। वे घंटों तक किट पहने रहते हैं। 4. लोग आपदा को अवसर में बदल रहे सही अप्रोच से हमेशा आपदा को अवसर में बदला जा सकता है। हम कोरोना के समय में भी देख रहे हैं कि देश के लोगों ने टैलेंट के दम पर नए उद्योग शुरू किए हैं। बिहार में लोगों ने मधुबनी पेंटिंग वाले मास्क बनाना शुरू किए हैं। असम के कारीगरों ने बांस से टिफिन और बोतलें बनाना शुरू किया है। झारखंड के एक इलाके में कुछ समूह लेमनग्रास की खेती कर रहे हैं। कच्छ में ड्रैगन फ्रूट्स उगाया जा रहा है। 5. रक्षाबंधन पर लोकल को वोकल करें कुछ दिन बाद रक्षाबंधन आ रहा है। कई संस्थाएं इस बार यह पर्व अलग तरीके से मनाने का अभियान चला रहे हैं। लोकल से वोकल की बात भी की जा रही है। यही करना बेहतर रहेगा। नेशनल हैंडीक्राफ्ट दिवस भी आ रहा है। हम न केवल इसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें, बल्कि दुनिया को भी बताएं। हमारे हैंडलूम में बहुत पोटेंशियल है। इससे हमारे लोकल कारीगरों को लाभ होगा। 6. सुरीनाम के राष्ट्रपति ने संस्कृत में शपथ ली, उन्हें बधाई भारत से हजारों मील दूर एक देश सूरीनाम है। सालों पहले भारत से लोग वहां गए और घर बना लिया। वहां सरनामी भी एक भाषा है। यह भोजपुरी की ही एक बोली है। चंद्रिका प्रसाद संतोखी राष्ट्रपति हैं। उन्होंने संस्कृत में शपथ ली और वेदों के मंत्र का उच्चारण किया। मैं भी संतोखी को 130 करोड़ भारतीयों की तरफ से शुभकामनाएं देता हूं। 7. बारिश में बीमारियों का खतरा बढ़ा, ध्यान रखें बारिश में साफ-सफाई का ध्यान दें। इस समय बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इम्युनिटी बढ़ाने के लिए काढ़ा पिएं।

वियतनाम में यात्रियों से भरी बस पलटी, 13 लोगों की मौत, कई गंभीर रूप से घायल

हनोई। वियतनाम में रविवार को एक स्कूल की बस दुर्घटनाग्रस्त होकर हाईवे के नीचे पलट गई. हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए. समाचार एजेंसी के मुताबिक बस में सवार 40 लोग डॉग होइ हाई स्कूल के एलुमनाई थे और ग्रेजुएशन के 30 साल पूरे होने पर री-यूनियन ट्रिप पर जा रहे थे. स्थानीय मीडिया के मुताबिक, हादसा नेशनल हाईवे पर उस वक्त हुआ, जब ड्राइवर बस को एक मोड़ पर घुमाने की कोशिश कर रहा था. बस में सवार लोगों ने बताया कि जब गाड़ी हाइवे पर थी, तो उन्हें लगा कि बस के ब्रेक फेल हो गए हैं. गौरतलब है कि वियतनाम में सड़क हादसे का कोई नया मामला नहीं है. यहां पिछले 6 महीनों में सड़क हादसे में करीब 3200 लोगों की मौत हो चुकी है.

कोरोना वायरस को खत्म करने के लिए रोजाना 5 बार करें हनुमान चालीसा: प्रज्ञा ठाकुर

नई दिल्ली। मालेगांव बम विस्फोट मामले में लंबे समय तक कानूनी प्रक्रिया का सामना कर चुकीं इस मामले में अभियुक्त और मध्य प्रदेश के भोपाल लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कोरोना वायरस को खत्म करने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करने का आग्रह किया है. प्रज्ञा ठाकुर ने ट्वीट में लिखा, आइए हम सब मिलकर कोरोना महामारी को समाप्त करने के लिए लोगों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए एक आध्यात्मिक प्रयास करें आज 25 से 5 अगस्त तक प्रतिदिन शाम 7.00 बजे अपने घरों में हनुमान चालीसा का 5 बार पाठ करें 5 अगस्त को अनुष्ठान का रामलला की आरती के साथ घरों में दीप जलाकर समापन करें.

रामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास ने जनता से की अपील भूमिपूजन पर अयोध्या न आएं, गांव-घर में ही मनाएं उत्सव

नई दिल्ली। पांच अगस्त को अयोध्या में रामलला के मंदिर का भूमिपूजन तो तय हो गया लेकिन इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने को आतुर करोड़ों रामभक्तों को इस संकट काल में अयोध्या आने से रोकना बड़ी चुनौती बनती जा रही है। ये तो सही है कि इस समय अयोध्या तक आने में लोग स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से खुद ही परहेज करेंगे। लेकिन ऐसे लोगों की भी संख्या बहुतायत में होगी, जो तमाम खतरों को दरकिनार कर अपने आराध्य के मंदिर का भूमिपूजन समारोह की एक झलक पाने के लिए जान की बाजी लगा देंगे। ऐसे लोगों के लिए श्री रामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास ने भावुक अपील की है।

मेरी सरकार गिरानी है तो गिराओ, फिर देखता हूं- मुख्यमंत्री ठाकरे

मुंबई। मध्य प्रदेश में सरकार गिराने के बाद राजस्थान में जारी सियासी संकट के बीच खबर है कि महाराष्ट्र में भी सियासी संकट पैदा करने की कोशिश चल रही है. कहा जा रहा है कि यहां भी अंदरखाने ऑपरेशन लोटस चल रहा है. इसका आभास लगते ही राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि, मेरी सरकार गिरानी है तो गिराओ, फिर देखता हूं. दरअसल शिवसेना के मुखपत्र सामना को दिए एक साक्षात्कार में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा है कि जिस किसी को मेरी सरकार गिरानी है वो गिराए, मैं अभी देखता हूं. उन्होंने कहा कि इंतजार किसका है? अब सरकार गिराओ, सरकार तीन पहियों वाली है, लेकिन वह गरीबों का वाहन है. पर स्टेरिंग मेरे ही हाथ में है. बुलेट ट्रेन या रिक्शा में चुनाव करना पड़ा तो मैं रिक्शा ही चुनूंगा. उन्होंने कहा कि मैं गरीबों के साथ ही खड़ा रहूंगा. मेरी यह भूमिका मैं बदलता नहीं हूं. कोई ऐसी सोच न बनाए कि अब मैं मुख्यमंत्री बन गया हूं, मतलब बुलेट ट्रेन के पीछे खड़ा रहूंगा.

राजस्थान: 31 जुलाई को विधानसभा का सत्र, गहलोत सरकार के मसौदे में फ्लोर टेस्ट का जिक्र नहीं

जयपुर। राजस्थान में जारी सियासी संकट के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्यपाल कलराज मिश्र को विधानसभा सत्र के लिए संशोधित प्रस्ताव भेज दिया है. सूत्रों के अनुसार सीएम अशोक गहलोत विधानसभा का सत्र 31 जुलाई को बुलाना चाहते हैं. इस प्रस्ताव में फ्लोर टेस्ट का कहीं भी जिक्र नहीं है. मसौदे में कोरोना वायरस सहित अन्य बिलों पर चर्चा करने के बारे में लिखा गया है. बता दें, विधानसभा सत्र के लिए राजस्थान में राज्यपाल बनाम सीएम की खींचतान जगजाहिर है. राजभवन के लॉन में शुक्रवार को कांग्रेस विधायकों ने धरना दिया था, जिसके बाद राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य सरकार से छह बिंदुओं पर शुक्रवार को स्पष्टीकरण मांगा था.

कोविड गाइड लाइन्स का पूर्णतः पालन हो

मुख्यमंत्री चौहान ने अस्पताल से वीसी के माध्यम से की कोरोना की समीक्षा

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना से बचाव के उपायों को अपनाने की जागरूकता के लिये स्वयंसेवी संगठनों और संस्थाओं को जोड़ें। इसके लिये आउट लाइन बनाये और शीघ्र ही उसका इम्प्लीमेंटेशन भी करें। समाज के सहयोग से अभियान चलाकर कोरोना के प्रति जागरूकता लायी जा सकती है। इसके लिये अकेला सरकारी तंत्र काफी नहीं है। समाज के विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों को इस अभियान से जोड़ा जाए, जिससे लोग इसकी गंभीरता को समझते हुए जगह-जगह संवाद कर जागरूकता के प्रयास करें। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग सहित सभी सुरक्षात्मक उपायों को अपनाने की समझाइश दें। श्री चौहान ने कहा कि समाज के सहयोग से ही हम कोविड से जंग जीत सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रविवार को अपने उपचार के दौरान अस्पताल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। वीडियों कांन्फ्रेंसिंग से गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रभुराम चौधरी, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान, प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला भी जुड़े।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिये ?कि होम क्वारंटाईन किए गए व्यक्तियों की ऑलओवर रिपोर्ट भी लें। कोविड की गाइड लाइन्स का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करवायें। उन्होंने सभी मंत्रियों से भी कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण के प्रति सजगता लाने के लिये समाज को जोड़ें।

ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

भाजपा में होता है कार्यकर्ताओं का सम्मान ,कांग्रेस में नहीं : ओ पी एस भदोरिया

शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मजबूत होगी भाजपा सरकार, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्वर्गीय डॉ राजेंद्र प्रकाश सिंह के निवास पर राज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया जी पधारे

अजय कुमार शर्मा

भिंड 7 मध्य प्रदेश सरकार में एक नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ओ पी एस भदोरिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्व. डॉ राजेंद्र प्रकाश सिंह चौहान के निवास पर पहुंचे जहां उनके पुत्र डॉक्टर अवधेश प्रताप सिंह चौहान ने उनकी अगुवानी करते हुए स्वागत किया 7 पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौहान के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं का सम्मान होता है 7 मैंने 30 वर्ष तक कांग्रेस में कार्य किया लेकिन दिग्विजय सिंह और कमलनाथ कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं ने महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया का भी अपमान किया 7 क्षेत्र की जनता ने विकास करने की जिम्मेदारी सौंपी थी जब मैं कमलनाथ पद जाता था तो वह छिंदवाड़ा तक ही सीमित रह जाता था और मेरी बात को दरकिनार किया जाता रहा 7 मध्यप्रदेश में पूर्व कमलनाथ सरकार को मेरे मुखिया और 22 विधायकों ने कांग्रेस सरकार को सड़कों पर लाकर खड़ा कर दिया और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी जो मैंने उनसे कहा वह उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए किया और राज्यमंत्री जैसी महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी नगरीय प्रशासन का पहाड़ मेरे कंधों पर डाला है 7 मैं आपसे वादा करता हूं कि क्षेत्र की जनता कार्यकर्ताओं का मान और सम्मान और विकास यह मेरी दोनों सर्व सर्व प्रथम प्राथमिकता होगी 7 यह उपचुनाव प्रदेश और विधानसभा क्षेत्र के विकास को तय करेगा 7 मेरा

आप सभी से निवेदन है कि शिवराज सरकार की मजबूती के लिए हम अपने अपने मतदान केंद्रों पर कांग्रेस को सबक सिखाएं और भाजपा को मजबूत बनाएं 7 स्व.डॉ राजेन्द्र प्रकाश सिंह के निजी निवास पर राज्य मंत्री श्री ओ पी एस भदौरिया जी आज शाम को मेहगांव विधानसभा के उप चुनाव के विषय मे प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना के प्रदेश सचिव डॉ अवधेश प्रताप सिंह जी से चर्चा करी। सर्वप्रथम उन्होंने डॉ राजेंद्र प्रकाश सिंह जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया क्योंकि वह उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं। ओ पी एस भदौरिया एवं डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने उप चुनाव की रणनीति बनाई। इस अवसर पर भाजपा मौ मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाह, पूर्व मंडी अध्यक्ष बहादुर सिंह यादव,पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष अवधनारायण शर्मा,पूर्व पार्षद सतीश जैन,संजीव यादव,अशोक जैन सेमरा, राजीव जैन, मोनू राजपूत

उप चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा महिला मोर्चा बैठक संपन्न

भिंड। आगामी दिनों में भिंड जिले के गोहद मेहगांव में होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के अमायन रोन मैं बैठक आयोजित की जिसमें महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उप चुनाव की प्रभारी श्रीमती ममता भदोरिया मेहगांव विधानसभा के उपचुनाव प्रभारी श्रीमती संगीता कौशल विशेष रूप से मौजूद थे 7 उपचुनाव की जिला प्रभारी ममता भदोरिया एवं विधानसभा प्रभारी संगीता कौशल ने महिलाओं की बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की ऐसी योजनाओं को समझाया और कहा उपचुनाव में महिलाओं की बहुत बड़ी भूमिका पोलिंग बूथों पर होगी 7 हमारी मातृ शक्ति प्रदेश में भाजपा की सरकार को मजबूत करने के लिए अपने-अपने केंद्रों पर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर अपनी ताकत को पहचान कर प्रदेश में शिवराज सिंह सरकार को मजबूत करने के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान भाजपा प्रत्याशी को देंगे जिससे आपका मान और सम्मान आगे बढ़ता रहेग कांग्रेस की पूर्व कमलनाथ सरकार ने महिलाओं पर अत्याचार एवं छोटी छोटी कन्या बालकों के साथ बलात्कार की घटनाओं को पूरे मध्यप्रदेश में अंजाम दिया 7 अब मध्यप्रदेश में नहीं बनने देना और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में हम सब बहनों का साथ मिले 7 भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा विधानसभा मेंहगांव उपचुनाव 2020 की तैयारी के लिए महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष लता एलकर जी के मार्गदर्शन से एंव जिला अध्यक्ष नाथूसिंह गुर्जर के आदेशानुसार महिला मोर्चा जिला संयोजक एंव विधानसभा प्रभारियों का संयुक्त रूप से मंडलों का प्रवास , मेंहगांव विधानसभा मंडल अमायन की बैठक गहेली में वरिष्ठ नेता नाथूराम पचोरी जी के निवास पर मंडल अध्यक्ष तेजबहादुर जी की अध्यक्षता में सम्पन हुई एंव दरदौआ मंडल की बैठक परमार निवास पर मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में सम्पन हुई।

यारों के संग आबाद कार्यक्रम में बच्चों की सहभागिता उन्हें उत्साहित कर रही है : रामजीशरण राय*

संदीप प्रधान ब्यूरो

दतिया। चाइल्ड राइट ऑब्जर्वेटरी(छ्रक्र) भोपाल मध्यप्रदेश व यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न रखने हेतु ऑनलाइन *आर्ट एंड बियॉन्ड कार्यक्रम* के तहत 25 जिलो के चाइल्ड राइट फोरम (छ्रट्टक्रस्न) दतिया के बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही हैं। बच्चों को नायाब कलात्मक गतिविधियों का स्रोत व्यक्तियों के द्वारा श्रंखलाबद्ध ऑनलाइन कार्यक्रम किया जा रहा है। दतिया बाल अधिकार फोरम के सदस्यों द्वारा *यारों के संग आबाद कार्यक्रम* कोरोना महामारी के दौरान रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों को

व्यस्त रखने के लिए किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में बच्चे उत्साहित होकर सहभागिता कर रहे हैं। आज के ऑनलाइन बेविनार में बच्चों ने आकर्षक व सुन्दर राखी बनाना सीखी हैं। बेविनार के दौरान बच्चों ने आकर्षक रंगीन राखियों का निर्माण किया और उसको ऑनलाइन प्रशिक्षण में प्रेषित किया जिससे प्रभावित होकर स्रोत व्यक्तियों व आयोजकों द्वारा बच्चों की सराहना की और बच्चों से परस्पर संवाद करते हुए उन्हें सावधानी पूर्वक अपने को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न रहने की बात कही। उल्लेखनीय है कि दतिया जिला बाल अधिकार मंच द्वारा फोरम के जिला समन्वयक रामजीशरण राय, बलवीर पांचाल, सरदार सिंह गुर्जर, अशोक शाक्य, सहित फोरम के सदस्यों का बच्चों को गतिविधियों में जोड़ने जोड़ने में सराहनीय भूमिका है। लॉक डाउन व महामारी के दिशा निर्देशों से बच्चे स्कूली शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों के से दूर होने की वजह से उनमें नकारात्मकता ना आए इस उद्देश्य इन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है ताकि बच्चे खुशनुमा माहौल में रहने का अनुभव प्राप्त कर सकें। यूनिसेफ मध्य प्रदेशव सीआरओ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित कार्यक्रम में दतिया से बच्चों द्वारा सहभागिता की जा रही है।

अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंगदल सदस्यता अभियान जगनेर व तांतपुर क्षेत्र मे राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकर्तो का हर रोज विस्तार हो रहा है।

जगनेर देखत

हर दिन नए युवा कार्यताओ को मनोज कुमार जी राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार रवि परिहार जिला गौ रक्षा प्रमुख के नेतृत्व में जोड़ा जा रहा है साथ मैं मानवेन्द्र परमार जिला उपाध्यक्ष , रामलखन परमार

जिला महामंत्री, संदीप सिकरवार जिला उपाध्यक्ष, संजू बाबा जिला सह मंत्री , मजूद थे आज नयागांव , तांतपुर, हीरोपुर,जोगीपुरा मैं 200 नए कार्यकर्ताओ को सदस्यता ग्रहण कराई नयागांव मैं पांच नए कार्यकर्ताओ को दायित्व दिया गया संतोष परमार ,प्रखण्ड हनुमान चालीसा प्रमुख,सोराज सिंह प्रखण्ड सह मंत्री ,अभय सिंह प्रखंड सह हनुमान चालीसा प्रमुख,गोविंद सिंह परमार ,प्रखण्ड अखाड़ा प्रमुख, पंकज शर्मा, मीडिया प्रभारी वही जोगीपुरा मैं संतकुमार जी ने 120 नए कार्यकर्ताओ के साथ नगर अध्यक्ष अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की सदस्यता ली व हीरोपुर व तांतपुर मैं नितिन कुमार ने 20 कार्यकर्ताओं के साथ प्रखण्ड मीडिया प्रभारी व भानु प्रताप सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ नगर संयोजक तांतपुर की सदस्यता ली और राष्ट्रीय बजरंगदल व अंतरास्ट्रीय हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंदिरों पर जाकर साधु संतों से 5 तारीख को राममंदिर बनने के उपलक्ष्य दीपोत्सव व महाआरती होने वाले कार्यक्रम मे घंटा व संख साथ आने का आवाहन किया

बिजली कटौती को लेकर भाजपा नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

हर घण्टे बिधुत कटौती से नगरवासी परेशान

दबोह(अर्पित गुप्ता)

नगर में इन दिनों विधुत विभाग दबोह के द्वारा जमकर अघोषित विधुत कटौती की जा रही नगरीय विधुत की यह स्थिति है कि लगभग दस मिनट के लिये आती है और दो घंटे के लिए चली जाती है विधुत की यह प्रक्रिया सुबह लगभग सात बजे से लेकर शाम ग्याहह बजे तक निरंतर चलती है फिर सुबह से पुन: प्रारंभ कर दी जाती है जिसको लेकर शनिवार को भाजपा नेताओं ने विधुत विभाग के अधिक्षक यंत्री अशोक डाबर को एक पाँच सूत्रीय ज्ञापन सोपा जिसमे मुख्य रूप से अघोषित बिधुत कटौती,अंकलित खपत के बिल व कर्मचारियो की लापरवाही मुख्य बिंदु रखे गए हैं साथ ही ज्ञापन में विभाग को सात दिन का समय दिया गया है यदि उक्त समय में इन अव्यवस्थाओ में सुधार नही हुआ तो मजबूरन सड़क पर उतर कर धरना प्रदेशन करना पड़ेगा।यहां बता दे कि पूर्व में भी नगर के युवाओ के द्वारा कनिष्ठ यंत्री को एक ज्ञापन दिया गया था परंतु विभाग के उदासीन अधिकारियों के द्वारा अब तक समस्या का कोई समाधान नही किया गया है अब देखना यह होंगा कि यदि सात में बिजली व्यवस्था नही सुधरती है तो नगरीय भाजपा नेता ज्ञापन में लिखी हुवी अपनी बात पर कितने खरे उतरते है ज्ञापन देने वालो में प्रधानमंत्री जनकल्याण कारी योजना प्रचार प्रसार अभियान भिंड के जिला उपाध्यक्ष अंजनी कुरचानीया,शिवकुमार गोस्वामी,पूर्व पार्षद जसवंत दौहरे,राजा यादव आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सआईयु टीम ने दो युवको से बरामद की 1 किलो 642 ग्राम चरस

अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश

बिलासपुर पुलिस की एसआईयु टीम ने शनिवार सुबह सुबह सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए दो युवको से भारी मात्रा में चरस बरामद की है ! नशे का गोरख धंधा करने वाले व्यापारियों पर नकेल कसते हुए एसआईयु की छोटी सी तीन सदसीय इस टीम को शनिवार को स्वारघाट के पास यह बड़ी सफलता मिली ! एसआईयु टीम प्रभारी अनिल शर्मा , आरक्षी मनीष ठाकुर व राजेश ठाकुर की इस टीम ने इस बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया !

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसआईयु टीम शुक्रवार रात्री को गश्त पर थी ! इस दौरान इस टीम को सुचना मिली कि एक सफेद कार में भारी मात्रा में नशे की तस्करी की जा रही थी ! सुचना मिलते ही एसआईयु की यह टीम इस कार को धन्धने में जुट गई और शनिवार सुबह तडके करीब 3-30 बजे स्वारघाट के गरामोड(कैंचीमोड) के पास री लिंक रोड के पास जब इस टीम को यह कार दिखी तो इस टीम ने इस कार पर धावा बोल दिया ! एसआईयु की टीम ने ह्र20 सफेद रंग की कार नम्बर ह्र22 0384 को रोका और जब इस टीम ने इस कार की तलाशी ली तो इस कार से भारी मात्र में चरस बरामद हुई ! जब एसआईयु टीम ने इसे चरस का वजन किया तो यह 1 किलो 642 ग्राम निकली ! इस कार में दो युवक सवार थे जिनकी शिनाख्त शिवम मोंगा उम्र 23 साल पुत्र अशोक कुमार मोंगा निवासी पंजाब व अंकित शर्मा उम्र 22 साल पुत्र बालकृष्ण शर्मा गांव व डा0 व तह0 ददाहू जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है ! एसआईयु टीम ने दोनो युवको व उनकी कार को कब्जे में लेकर स्वारघाट थाने में इनके खिलाफ एनडीपीएस की धारा 20,25व 29 के तहत माला दर्ज कर इन्हें गिरफ्तार कर लिया है ! इस केस की इंचार्ज अनिल शर्मा द्वारा अमल में लाई जा रही है ।

अचानक नीलगायों के निकलने से मोटरसाइकिल सवार टकराया मोटरसाइकिल सवार एवं साथी घायल

भिण्ड / घटना शनिवार शाम 4-30 बजे की है पारस पुत्र श्री सुजान सिंह गुर्जर उम्र 35 वर्ष अपनी माताजी रामराजा उम्र 65 साल और अपने भाई की बच्ची गुड़िया पिता नन्हे राजा उम्र 14 साल को मोहनपुरा बांगरा जालौन उत्तर प्रदेश से मालनपुर के लिए अपनी निजी मोटरसाइकिल यूपी 92 ए जी9388 से अमायन के रास्ते से होते हुए आ रहा था क्योंकि पारस मालनपुर में किसी प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता हैपरंतु गहेली और कनाथर के बीच एकदम चार पांच नीलगाय निकल पड़ी निकल पारस अपनी मोटरसाइकिल को नील गायों के टकराने से नहीं बचा पाया, और वह अपनी मां और भतीजी के साथ नीलगाय से टकरा गया टक्कर लगते ही मोटरसाइकिल सहित सभी गिर पड़े जिसमें रामराजा के सर में गंभीर चोट आई पारस को भी सर में चोट आई भतीजी गुड़िया को हल्की-फुल्की खरोच आई पास से गुजर रहे लोगों ने 108 पर फोन लगाया मेहगांव थाना 108 से पायलेट राजीव खन्ना और उनके सहयोगी ईमदी नरेंद्र जैन बिना समय गवाएं घटनास्थल पर पहुंचे ईमदी नरेंद्र जैन ने रामराजा की गंभीर अवस्था को देखते हुए वही प्राथमिक उपचार दिया वहां से सभी को लेकर मेहगांव स्वास्थ्य केंद्र लाए, प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल ऑफिसर ने पारस की मां रामराजा को सर में गंभीर चोट होने के कारण ग्वालियर जय रोग अस्पताल के लिए वहीं खड़ी मेहगांव थाना 108 के द्वारा रेफर कर दिया, पायलेट राजीव खन्ना और ईमदी नरेंद्र जैन ने बिना देर किए सभी घायलों को ग्वालियर जय रोग अस्पताल पहुंचाया।

दस हजार रूपये का एवं दो पाँच-पाँच हजार सहित बीस हजार रूपये के ईनामी बदमाशों को शहर कोतवाली पुलिस ने धर दबोचे*

विकास त्रिपाठी भिंड

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह द्वारा चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत लगातार पुलिस को सफलता दर सफलता मिलती जा रही है, उसी, के चलते एक और सफलता हाथ लगी है, जहाँ बीस हजार रूपये के ईनामी बदमाशों को मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा लिया गया। प्रेस को दी गई जानकारी के अनुसार बताया कि 16 अगस्त 2019 को बरोही थाना क्षेत्र के अंतर्गत उस समय सनसनी फैल गई जब उक्त आरोपीगण बल्लू उर्फ रविन्द्र परिहार, फकरन उर्फ योगेन्द्र परिहार, पंकज परिहार, घोंचे उर्फ रवि परिहार, उपेन्द्र परिहार द्वारा संयुक्त रूप से एक राय होकर मृतक गोविन्द भदौरिया को लायसेंसी बन्दूकों एवं कट्टों से मारते हुए हत्या कर दी थी, और घटनास्थल से फरार हो गये। बरोही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर आरोपीगणों के खिलाफ अपराध क्रमांक 88/19 धारा 302, 294, 323, 34 भादवि एवं 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपीगणों की सरगर्मी से तलाश प्रारम्भ कर दी। आरोपीगणों को गिरफ्तार हेतु कई टिकानों पर दविश दी, लेकिन आरोपीगण हर बार अपना निवासस्थान बदलते रहे, चूँकि आरोपीगण दबंग होने के कारण उनकी सही से लोकेशन नही मिल पा रही थी, तभी पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त आरोपीगणों की गिरफ्तारी हेतु ईनाम भी घोषित किये गये। तभी आज मुखबिर की सटीक सूचना मिली कि आरोपीगण पंकज परिहार बरूआ नगर के घर में छिपे हुये हैं तभी शहर कोतवाली प्रभारी उदयभान सिंह यादव एवं अमायन थाना प्रभारी शिवप्रताप सिंह राजावत, एवं बरोही थाना प्रभारी सौरभ तिवारी को बदमाशों को दबोचने के निर्देश दिये गये। तभी पुलिसबल ने बरूआ नगर में पंकज परिहार के घर की घेराबंदी कर तीनों बदमाशों को धर दबोचा, पुलिस ने बारी-बारी से तीनों के नाम पूछने पर अपने नाम बाल्लू उर्फ रविन्द्र परिहार पुत्र बाबू सिंह परिहार, पंकज पुत्र शिवमंगल सिंह परिहार, उपेन्द्र उर्फ कैमू पुत्र मथुरा सिंह परिहार निवासीगण गोपालपुरा थाना बरोही बताया।

मानसून युवा काव्य संगोष्ठी का आयोजन

उदयपुर(अर्पित गुप्ता)। मधुशाला साहित्यिक परिवार द्वारा कमलनाथ महादेव झाडोल में भव्य मानसून युवा काव्य संगोष्ठी का आयोजन कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अद्यक्षता युवा कवि हर्षित पालीवाल ने मुख्य अतिथि ढ्ढंगरपुर के युवा कवि अमित पांडेय रहे। कार्यक्रम की शुरुआत इंद्रधनुष व्यास में शेरो-शायरी की , मगवास के कवि रितिक जोशी ने कमलनाथ की महिमा पर कविता सुनाई। कवि महावीर जैन श्रृंगार रस के गीत सुनाए। योगेश मगवासी ने मुक्तकों के माध्यम से कमलनाथ के ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में कविता सुनाई। कार्यक्रम का संचालन मधुशाला संस्थापक दीपेश पालीवाल ने किया।इस दौरान कमल जोशी और विशाल मौजूद रहे। आभार हर्षित उपाध्याय में व्यक्त किया।

ग्राम अम्बाह ग्राम पंचायत तुतवास गांव खांद का पुरा तालाब का पानी ओबर होने से गांव की गलियां लबालब...

रिपोर्टर राधा तोमर अम्बाह

अम्बाह... ग्राम पंचायत तुतवास के गांव खांदके पुरा में तालाब का पानी ओबर होने से आवागमन में हो रही असुविधा तालाब1के गंदे पानी से गांव के रास्ते भी बंद हो रहे हैं शासकीय बोर तक गंदे पानी मे डूब रहा है इधर कोरोना का कहर व गंदे पानी की समस्या से लोगो को आने जाने में असुविधा व साफ सफाई की समस्या है बीमारियो की भी आशंका बढ़ रही है तालाब का पानी ओबर होने

आवागमन में असुविधा ,बाधित ग्राम सरपंच मूक बधिर शासन का इस ओर नही है ध्यान...

से गलियों में भरा हुआ पानी कुछ ग्रामीण के मकानों में भी पानी घुस जाता है गांव के हरिसिंह तोमर ने बताया कि बारिस होते ही गांव की गलियां पूरी तरह से पानी से भर जाती है ग्रामीणो को अपने मकानो के अंदर बाहर जाने की परेशानी होती है पानी से जबरदस्त बदबू आती है इस बीच निवास करना ग्रामीणों की मजबूरी बन गया है ग्रामीण के मकान की दीवार में दरारें भी आ चुकी हैं इससे हादसे की आशंका भी है ग्रामीण ने कहा है कि दूषित पानी के चलते महामारी फैलने का भी डर है ग्रामीणों का आरोप कि पंचायत की ओर अधिकारियो से कई बार शिकायत करने के बाबजूद भी समस्या पर कोई ध्यान भी नही दिया जा रहा है पूर्व सरपंच गीता देवी शर्मा ने कहा कि तालाब के पानी की निकास के लिए काफी बार प्रयास किया गया है लेकिन गांव के ही कुछ लोग रोड़ा अटका देते है इसी के चलते अभी तक समस्या का कोई समाधान नही हुआ ग्राम पंचायत तुतवास के खांद के पुरा में तालाब में पानी की निकास ना होने से पानी गलियों में भर जाता है प्रशासन ने इस समस्या के समाधान के लिए कई बार पहल की लेकिन नाला निकलने में कोई सहयोग नही करता पिछले बर्ष भी वहाँ प्रशासन ने जल निकासी के लिए गांव वालो से बात की लेकिन कोई तैयार नही हुआ इसलिए बारिस होने पर नाला ओबर हो जाता हैं

सीएम शिवराज सिंह चौहान का ऐलान

12 वीं के मेधावी विद्यार्थियों को मिलेंगे लैपटॉप

भोपाल। मध्यप्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को राज्य सरकार की ओर से लैपटॉप देने की योजना अब फिर से प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। शिवराज ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 12वीं कक्षा की मुख्य परीक्षा में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ प्रदान जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस योजना का लाभ नियमित एवं स्वाध्यायी दोनों तरह के विद्यार्थियों को मिलेगा। शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 12वीं की मुख्य परीक्षा में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। योजना का लाभ नियमित एवं स्वाध्यायी दोनों प्रकार के विद्यार्थियों को दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री चौहान ने कर्मचारियों से वार्षिक वेतन वृद्धि को लेकर चिंतित न होने की अपील की

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी /कर्मचारियों से वार्षिक वेतन वृद्धि को लेकर चिंतित न होने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि हर अधिकारी/कर्मचारी को नियत समय से ही वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाएगा। यद्यपि इस समय कोविड संकट के चलते जनहित में वेतन वृद्धि का वास्तविक लाभ स्थितियां सामान्य होने पर ही मिल सकेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विश्वास प्रकट किया है कि प्रदेश को कोरोना संकट से बाहर निकालने के उद्देश्य से सभी अधिकारी/कर्मचारी सरकार के इस निर्णय का समर्थन और सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस समय मध्य प्रदेश कोरोना संक्रमण के चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। सरकार ने कोविड-19 से बचाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। एक और राज्य के बजट का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य कोविड कार्यों पर खर्च हो रहा है, वहीं दूसरी ओर आर्थिक गतिविधियों में कमी के कारण राज्य की आय में कमी आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे अधिकारी कर्मचारी शासन व्यवस्था की रीड है, जिन्होंने हर कठिन समय में सरकार का हमेशा साथ दिया है। सरकार भी अपने कर्मचारियों का वाजिब हक और हित दोनों सुनिश्चित करने के लिए ना कभी पीछे हटी है और ना कभी पीछे हटेगी।

मप्र में संक्रमित 27 हजार के पार

सीएम की अपील- दो गज की दूरी रखना, हाथ धोते रहना

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अब पूरी तरह ठीक हैं और उनकी सभी रिपोर्ट सामान्य आई हैं। उन्होंने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। इधर, राजधानी समेत प्रदेश में कोरोना का संक्रमण बढ़ता जा रहा रहा है। टोटल लॉकडाउन के बाद भी भोपाल में रविवार को 199 नए मरीज सामने आए। बीते 24 घंटे में प्रदेश के 52 में से 48 जिलों में कोरोना के 716 नए केस मिल चुके हैं। इसके बाद अब राज्य में संक्रमितों का आंकड़ा 27 हजार के पार पहुंच चुका है। भोपाल के 199 को मिलाकर यह संक्रमितों की संख्या 27125 हो गई है। अब कुल कंटेनमेंट एरिया 3 हजार के पास 2980 हो गए हैं, जबकि शनिवार को 622 लोग ठीक होकर घर लौट गए। राज्य में बीते 24 घंटे में 716 नए मामले सामने आए। मौत का आंकड़ा भी 800 तक पहुंच गया है। जबलपुर में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या एक हजार से ऊपर जा पहुंची है। शनिवार रात राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नेता योग्रेंद्र सिंह(योगी जी) का निधन कोरोना वायरस की वजह से हो गया। जानकारी के मुताबिक शनिवार को उन्हें इलाज के लिए जबलपुर से भोपाल ले जाया जा रहा था, लेकिन भोपाल से 25 किमी पहले ही उनका निधन हो गया। वह विगत कुछ दिनों से कोरोना वायरस से पीड़ित थे। केशव कुटी में हुए टेस्टों में उनका सैंपल भी लिया गया था जो बाद में पॉजिटिव आया था। योगेंद्र सिंह की हालत लगातार खराब हो रही थी इसके चलते उन्हें भोपाल भेजा गया था। इससे पहले जबलपुर के सिटी हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना वॉरियर्स के समर्पण और सेवाभाव की रविवार सराहना करते हुए उन्हें प्रणाम किया। चौहान कोरोना पॉजिटिव आने के बाद शनिवार से चिरायु अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। उन्होंने रविवार को ट्वीट के जरिए कहा- दोस्तों, मैं ठीक हूं, कोरोना वॉरियर्स का समर्पण अभिनंदनीय है। निस्वार्थ भाव से अपनी जान जोखिम में डालकर कोविड-19 के पीड़ितों की सेवा करने वाले प्रदेश के सभी कोरोना योद्धाओं को मैं प्रणाम करता हूं। कोविड 19 से डरने की बजाय पूरे आत्मविश्वास के साथ हमें इसका मुकाबला करना चाहिए। दो गज की दूरी रखना, हाथ धोते रहना और मास्क लगाना कोरोना से बचने के लिए सबसे बड़े अस्त्र हैं। मेरी सभी प्रदेशवासियों से अपील है, अपने लिए और अपनों के लिए इन अस्त्रों का उपयोग जरूर करें। यदि आप संक्रमित हो भी गए हों, तो डरने की जरूरत नहीं है, लक्षण दिखें तो इन्हें छुपाएं नहीं, तुरंत बताएं ताकि समय पर इलाज शुरू हो सके। राजधानी में कोरोना संक्रमण का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। अब एक दिन में तीसरी बार रिकॉर्ड मरीज सामने आए। सबसे ज्यादा 221 और 215 के बाद अब रविवार को 199 संदिग्धों में कोरोना की पुष्टि हुई।

इसके बाद भोपाल में मरीजों की संख्या

हरी प्रिया गौशाला दाम खेड़ा की बैठक सम्पन्न

भोपाल। 25 जुलाई को श्री हरी प्रिया गौशाला शाम 6:00 बजे बैठक संपन्न हुई जिसमें भोपाल संपूर्ण लॉकडाउन की स्थिति में गौशाला में क्या-क्या विस्तार किया जाए और क्या क्या सुविधाएं स्थापित की जाए। जिससे हमारी गौ माताओं को सुविधा मिलती रहे, चारा मिलता रहे। गौशाला के अध्यक्ष आशीष तिवारी ने बताया की बैठक में पधारे हुए सभी सदस्यों एवं संरक्षक को को श्री हरी प्रिया गौशाला नाम का मास्क भी सुरक्षा की दृष्टि से वितरित किया गया एवं गौशाला के सक्रिय सदस्य आनंद पांडे के द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है। गौशाला में मुख्य रूप से सभी पदाधिकारी गण सचिव सौरभ सेठी एवं कोषाध्यक्ष कौशल झा एवं गौशाला समिति के सदस्य के रूप में विनोद पांडे महेंद्र मिश्रा एसपी तिवारी राजू सिंह सचिन गौर नितिन त्रिवेदी दीपक पाठक पुष्पेंद्र पाठक अनीश दुबे एवं गौ रक्षा दल से मनीष अहिरवार एवं अभिषेक मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

प्रमुख सचिव और संचालक खेल ने की खेल गतिविधियों की ऑनलाइन समीक्षा

भोपाल । कोरोना महामारी के कारण प्रदेश की खेल गतिविधियों पर काफी असर पड़ा है। ऐसी परिस्थिति में जिला स्तर पर खेल गतिविधियों और खेल अधो-संरचनाओं की स्थिति जानकर खेलों और खिलाड़ियों के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के उद्देश्य से प्रमुख सचिव खेल श्री पंकज राग एवं संचालक खेल और युवा कल्याण श्री पवन कुमार जैन ने प्रदेश के सभी जिला खेल अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सीधे बात की। यह पहला अवसर था जब टी टी नगर स्टेडियम के ध्यानचंद हाल में बैठकर अधिकारियों ने वेबेक्स वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जिला खेल अधिकारियों से सीधे संवाद कायम कर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। इस अवसर पर संयुक्त संचालक डॉ विनोद प्रधान एवं श्री बीएस यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। खेलो इंडिया खेल अधोसंरचना विकास एंव उन्नयन योजना के

खेल अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

प्रस्ताव भारत सरकार की खेलो इंडिया खेल अधोसंरचना विकास व उन्नयन योजना के अंतर्गत केंद्रीय सहायता के लिए प्रस्ताव की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विभागीय स्वामित्व की भूमि पर केंद्रीय सहायता हेतु शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत करें। भारत सरकार द्वारा खेल अधोसंरचना को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध कराई जा रही केंद्रीय सहायता का प्रत्येक जिले को लाभ उठाना चाहिए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने जिलों में शासकीय भूमि की व्यवस्था कर प्रस्ताव भेजें ताकि भारत सरकार की इस योजना का अधिकतम खिलाड़ियों को लाभ दिलाया जा सके। जिले में अन्य विभाग, स्थानीय निकाय आदि अपनी खेल अधोसंरचनाएं खेल विभाग को हस्तांतरित करना चाहे तो इसकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश में निर्मित व निर्माणाधीन खेल अधोसंरचना के उपयोग व रख रखाव पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गए।

अध्ययन के बिना जीवन अधूरा: प्रभात झा

भोपाल। अर्थपूर्ण जीवन वही है, जो जीवन और समाज का अध्ययन करता है। अध्ययन अनंत है। हमारा अंत हो सकता है लेकिन अध्ययन का अंत कभी नहीं हो सकता। अध्ययन केवल किताबी नहीं, बल्कि व्यवहारिक होना चाहिए। अध्ययन बिना जीवन अधूरा होता है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा ने रविवार को स्वाध्याय मण्डल में ''अध्ययन बिना जीवन अधूरा'' विषय पर व्याख्यान देते हुए कही। उनके इस व्याख्यान को फेसबुक पर लाइव किया गया। श्री झा ने कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा गया है। 3 मई 1999 को पाकिस्तान में थोड़ी सी हरकत की। भारत की सेना ने 60 दिनों तक लगातार पाकिस्तान के छक्के छुड़ाए थे और 21 वर्ष पहले

आज के ही दिन 26 जुलाई 1999 को पाकिस्तान को मात देकर भारत ने तिरंगा फहराया था। इसमें हमारे 527 जवान शहीद हुए और 1300 जवान घायल हुए थे। उन सभी शहीदों के चरणों में स्वाध्याय मंडल और अपनी ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। श्री झा ने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम की चर्चा करते हुए हरियाणा की बेटी से बातचीत का जिक्र किया व कहा कि उस बेटी ने बेझिझक यह स्वीकार किया है कि उसे मां के व्यक्तित्व से प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि कोरोना के संकट में स्वाध्याय मंडल द्वारा अनेक लोगों को जोड़ा गया है। संगठन के द्वारा दिया गया प्रत्येक कार्य महत्वपूर्ण होता है, कोई भी काम छोटा नहीं होता। जीवन में कोई भी कार्य छोटा नहीं होता, लेकिन समझना होगा कि जीवन क्या है, जीवन सुख दुख का मिश्रण है और आध्यात्मिक प्रसाद है। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने जीवन को अपना मानता है, लेकिन जीवन समाज का होता है। इस भाव से काम करने पर ईश्वर का अंश हममें जगा रहता है। उन्होंने कहा कि जीवन का पथ स्पष्ट होना चाहिए और ईश्वर का दिया जीवन समाज के काम आना चाहिए।

फूड पायजनिंग की चपेट मे आये बैतूल एडीजे ओर बेटे की मौत

भोपाल/बैतूल। प्रदेश के बैतूल में पदस्थ न्यायाधीश महेन्द्र कुमार त्रिपाठी और उनके बेटे की फूड पायजनिंग की वजह मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार बैतूल जिला न्यायालय में पदस्थ एडीजे महेन्द्र कुमार त्रिपाठी कालापाठा स्थित निवास में अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ रहते थे। चार दिन पहले रात के भोजन में उन्होंने रोटी खाई, जबकि पत्नी ने चावल खाया। भोजन के बाद पिता ओर पुत्र की अचानक तबीयत खराब हो गई। 23 जुलाई की दोपहर को उनकी तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल की चिकित्सा टीम उनका इलाज करने घर पहुंची। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत में कुछ सुधार हुआ। लेकिन शनिवार की शाम दोनों की हालत बिगड़ गई और दोनों को पाढर से नागपुर एलेक्स अस्पताल के लिए भेजा गया। इस दौरान रास्ते में ही उनके 25 वर्षीय बड़े बेटे की मौत हो गई, जबकि देर रात न्यायाधीश पिता ने भी दम तोड़ दिया।

नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने इस देश को बेचने का षड्यंत्र किया है - सज्जन सिंह वर्मा

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने आज कांग्रेस के स्पीक अप डेमोक्रेसी अभियान के तहत सोशल मीडिया के माध्यम से अपना वीडियो संदेश जारी कर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया है। वर्मा ने नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर देश को बेचने का षड्यंत्र करने का आरोप लगाया। श्री वर्मा ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से लोकतंत्र का मजाक उड़ाते हुए ऐसा घिनौना चित्र प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि गोवा की सरकार का मामला हो, कर्नाटक की सरकार तथा मध्य प्रदेश की जनमत के द्वारा चुनी हुई सरकार को गिराने का षड्यंत्र हो, वैसे ही राजस्थान में भी कांग्रेस की सरकार के विधायकों को धन बल के आधार पर खरीद फरोख्त करके सरकार को गिराने का घिनौना षड्यंत्र नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में किया जा रहा है। श्री वर्मा ने कहा कि यह एक ऐसा घिनौना चित्र हमारे सामने प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें देश का आम नागरिक समझ ही नहीं पा रहा है कि वह क्या करें, क्या ना करें। जिन सरकारों को जनता चुनकर भेजती है उन्हीं सरकारों को सत्ता के लोभी लोग धनबल से तथा भ्रष्टाचार से कमाई हुई दौलत से खरीद कर गिरा देते हैं। चुनाव आयोग जैसे सो रहा है, उन्हें सिर्फ चुनाव कराने से मतलब है इसके बाद उन्हें कोई मतलब नहीं है। चुनाव कराने के पश्चात चुनाव आयोग अंधों की तरह अपनी आंखें बंद कर लेता है क्या इस तरह के मामलों पर चुनाव आयोग स्वतः संज्ञान लेकर ऐसे नियम निर्धारित शुल्क जमा कर परीक्षा के लिये पंजीयन करा सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि योजना माध्यमिक शिक्षा के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष 2018

'रूक जाना नहीं'; योजना में पुनः मिलेगा अवसर

फेल विद्यार्थी निराश न हो - मुख्यमंत्री चौहान

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 2020 परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी निराश न हो। उनके लिये %रूक जाना नहीं% योजना लागू की गई है। इस योजना में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा देने का अवसर दिया जाएगा। योजनान्तर्गत पात्र विद्यार्थी कक्षा 10 के लिये 28 जुलाई और कक्षा 12 के लिये 5 अगस्त तक एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से अथवा स्वयं ऑनलाइन निर्धारित शुल्क जमा कर परीक्षा के लिये पंजीयन करा सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि योजना माध्यमिक शिक्षा के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष 2018

की %रूक जाना नहीं% योजना के अंतर्गत कक्षा 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है परंतु वह कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकें है, वे भी योजना का लाभ उठाकर अगस्त माह में होने वाली परीक्षा में शामिल हो सकते है। परीक्षा प्रश्न-पत्र मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम अनुसार ही होंगे तथा केवल अनुत्तीर्ण विषयों की ही परीक्षा देनी होगी। रूक जाना नहीं योजना में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी कारणवश परीक्षार्थी माह अगस्त 2020 की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाते तो वे शेष अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा माह दिसम्बर 2020 में दे सकते है। इसके लिये उन्हें पुनः अपना पंजीयन एम.पी. ऑनलाइन पर करवाना होगा। इस प्रकार विद्यार्थियों को दूसरा अवसर भी प्रदान किया जायेगा। जुलाई 2020 में आयोजित प्रथम चरण की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थी को ही कक्षा 11वीं में नियमित प्रवेश की पात्रता होगी। द्वितीय चरण में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में नियमित प्रवेश नहीं मिलेगा। परंतु वे वर्ष 2022 के जून माह में रूक जाना नहीं योजना अंतर्गत 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

शिव, शक्ति और प्रकृति को निहारने का मौसम है सावन

हम ज़िन्दगी को जिस नजरिये से देखते है ज़िंदगी हमें वैसी ही नजर आने लगती है। ये हमारी आस्था और मन का विश्वास ही तय करता है कि हमें ज़िन्दगी को किस चश्मे से देखना है। जीवन में आशा-निराशा, सुख-दुःख और जीवन-मरण की प्रक्रिया अपनी गति से चलती रहती है। ये सत्य है कि आज सुख है, तो निश्चय ही कल दुःख भी आएगा, क्योंकि जीवन छणभंगुर है। इस भौतिक संसार मे जो भौतिकता से परे है वही शिव है। शिव आदि और अनन्त है। भगवान शिव को देवों के देव महादेव कहा जाता है। वे ज्ञान, वैराग्य के परम आदर्श है। कहते है ईश्वर सत्य है, सत्य ही शिव है और शिव ही सुन्दर है। इसलिए भगवान शिव का एक रूप सत्यम, शिवम और सुंदरम है। शिव के बिना प्रकृति की कल्पना आधारहीन है और प्रकृति के बिना मनुष्य के जीवन का कोई आधार नही है। यूँ तो हमारे देश में हर त्यौहार को प्रकृति के साथ ही जोड़कर देखा जाता हैं। हर त्यौहार में प्रकृति के प्रेम की झलक दिखती है। हमारा गौरवशाली इतिहास न केवल हमें प्रकृति से प्रेम करना सीखाता है, बल्कि प्रकृति का संरक्षण करना भी जरूरी है, हमें यह भी बताता है। शिव ही प्रकृति है। प्रकृति नहीं तो जीवन नहीं। शिव प्रकृति के प्रेम का प्रतीक हैं। एक ऐसा प्रेम जो स्वार्थ से परे है। शिव जीवन है, तो प्रकृति आत्मा है और इसी आत्मा से परमात्मा के मिलन से ही सुंदर रूप का साक्षी ÷सावन माह÷ है। सावन जिसमें प्रकृति अपने यौवन अवस्था में होती है। सारा संसार भक्तिमय हो जाता हैं। भक्ति का दूसरा रूप ही प्रेम है। शिव और शक्ति के मिलन का ही प्रतीक सावन है। जिस तरह विरह की वेदना में तरसती प्रियतमा पर जब प्रेम रूपी वर्षा होती है तो उसका श्रंगार ही अलग होता है। मानो कस्तूरी मृग अपने प्रेम की खुशबू से प्रकृति को महका रही हो। पेड़ो पर फूलों की बहार आ जाती है। प्रेमिका अपने प्रेमी से मिलन गीत गा रही होती है। सावन के झूले अपने मन के अंदर चल रहे भावों को प्रकट करते है।

लताएँ पेड़ो को अपने अंदर समाहित करने को आतुर हो उठती है। भौरों की गुंजन ऐसे प्रतीत होती है मानो कोई प्रेमी अपने प्रेम का संदेश अपनी प्रेमिका के लिए भेज रहा है। भक्ति, प्रेम के रूप अलग-अलग है। एक भक्त अपनी भक्ति की शक्ति से अपने आराध्या के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित करता है। एक प्रियतमा अपने प्रिय के प्रति अपने प्रेम को दर्शाती है। सावन इसी प्रेम का प्रतीक है। माँ शक्ति ने इसी पवित्र माह में अपनी भक्ति से भगवान को प्राप्त किया था। पौराणिक कथा के अनुसार सावन के महीने में ही समुद्र मंथन किया गया था। समुद्र से प्राप्त रत्नों को देवताओं ने ग्रहण कर लिए। इस मंथन से निकले विष को प्रकृति की रक्षा के लिए भगवान ने धारण किया। भगवान शिव का त्याग अनुपम है। शिव योग और वैराग्य के देवता हैं। कहते है ब्रह्माजी सृष्टि के निर्माता है। विष्णुजी पालन करता और शिव सृष्टि के संहारक है। शिव से बड़ा कोई योगी नहीं है। शिव ही शक्ति है और शक्ति ही शिव है। भगवान महादेव ने इसीलिए अपना अर्धनारीश्वर रूप धारण किए हुए है। भगवान शिव ने ही यह बताया है कि किस तरह पुरुष के बिना नारी और नारी के बिना पुरुष अधूरा है ठीक उसी तरह जिस तरह प्रकृति के बिना मानव जीवन अधूरा है। आधुनिकता की चकाचौंध ने भले मानव को अपने संस्कृति अपने संस्कारो से दूर कर दिया हो। सावन के झूले अब दिखाई नही देते है। घर में आंगन की परंपरा अब नही रही। आंगन के पेड़ों की जगह अब गगन को छूती इमारतें रह गई है। आधुनिकता की दौड़ में इंसान ने प्रकृति को नष्ट कर दिया है प्रकृति के संग जीने की परम्परा थमती सी जा रही है। त्यौहारों की रौनक फीकी हो गई है। अब सावन के झूले और झूलों पर गीत गाती महिलाएं सिर्फ यादों और कहानी किस्से बनकर रह गयी है। भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परम्परा वैदिक काल से ही चली आ रही थी। भगवान श्री कृष्ण राधा संग झूला झूलते और गोपियों के संग रास रचाते थे। झूला झूलना प्रकृति के प्रेम का प्रतीक होता है। आज पेड़ो पर वो झूले अब दिखाई नही देते। एक फ़िल्मी गाने का बोल भी है, ÷बागों में अब झूले पड़ गए पक गई मीठी अमिया...÷ लेकिन अब सावन तो आता है पर सावन की वह चमक नही रही। महिलाओं की चूड़ी की खनक उनके गीतों की महक सुनाई नही देती है, और पेड़ की डाल पर पड़े झूले अब कहाँ दिखते हैं ! पहले सावन आते थे और बेटियां अपने ससुराल से मायके आ जाती थी। अब वो प्रथा नही रही। सावन ने अपना रूप बदल लिया है। अब वास्तविक सावन बीती यादों का अहसास बनकर रह गया है।

इतना आसान नही नौकरी कर पाना

हर दफा बस परिवार के बारे में सोचते रहना और खुद के लिये ना जी पाना।।

लोग तो बस आंकते है हमारी हर बात को
लेकिन इतना आसान नहीं हर डिसिजन को ले पाना
घर के साथ ऑफिस वाली जिंदगी को संभाल पाना ।।

लड़की हूं या मैं घर से दूर हूं सोच कर
काफी ताने सुन बस चुप रह जाना
इतना आसान नहीं नौकरी कर पाना।।

क्रॉप टॉप शॉर्ट्स की जगह बस
कुर्ती खरीद लेना
हर जगह काम आएगी सोच
कर मन को समझा लेना
इतना आसान नहीं है अब
वो पुराने दिन नौकरी के साथ
जी पाना ।।

रात रात भर जग कर कोर्स कवर करना
और छुट्टी के दिन थोड़ा ज्यादा पढ पाना
इतना आसान नहीं नौकरी के साथ बड़े सपनो को पूरा कर पाना।।

ऑफिस में घर की चिंता सताना
जिम्मेदारी के बोझ का नींद उड़ा देना
काम करते कभी कभी झपकी का आ जाना
इतना आसान नहीं नौकरी कर पाना ।।

अब नही अच्छा लगता सबसे मिलना मिलाना
हमारा यूं सबके जैसे आज में जी पाना
हम तो मुसाफिर है यारों
हमें तो अभी है और आगे जाना
इतना आसान नहीं नौकरी कर पाना,,
इतना आसान नहीं नौकरी कर पाना।।

गुंजन स्वामी
कनिष्ठ सहायक
महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर

माँ न होती तो हम न होते

माँ
हाँ माँ ही
मेरी
आपकी
इसकी
उसकी
हम सबकी
माँ ...

सबसे पहले उठकर
सब के काम करें

फिर
सबके बाद
सोए और
हम
नादान
समझ न पाए
कि
उनको नींद है
पर कहाँ जताती है माँ
तकलीफ़ है
पर कहाँ बताती है माँ

कभी भले के लिए डाँट भी दे
तो क्या ग़लत ..?

और
कुछ बच्चे
भूल जाते हैं
कि
माँ है वो
भगवान से भी बढ़कर ।

उनकी डाँट में भी
बस प्यार ही तो होता है
जिसे मिली माँ
क़दर नहीं ,
ना मिली तो रोता है।

बढ़कर माँ से
दुनिया में
और है कौन ?
जवाब दो
क्यों हो मौन ?

ब्रह्मांड का यही
शाश्वत सत्य है
माँ न होती तो हम ना होते
माँ न होती तो हम न होते
माँ न होती तो हम न होते ।।।

कवयित्री अप्रलेषा प्रियदर्शिनी
नीलाद्रि विहार , भुवनेश्वर

अमेरिका-चीन में तनातनी

अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में स्थित चीनी वाणिज्य दूतावास को आधिकारिक तौर पर शनिवार को बंद कर दिया गया है। चार दशक पहले खुले इस दूतावास को पहली बार इस तरह बंद करवाया गया है। अमेरिकी एजेंटों ने दूतावास के अंदर घुसकर इसे बंद कराया। कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने ह्यूस्टन में चीनी दूतावास बंद करने का आदेश दिया था। इसके बाद से दोनों देशों में तनातनी चरम पर पहुंच गई है। दोनों देशों के बीच पहले से ही कोरोना वायरस के नियंत्रण को लेकर जुबानी जंग जारी है। अमेरिका ने चीन से 72 घंटे के भीतर ह्यूस्टन में अपने वाणिज्य दूतावास को बंद करने के लिए कहा था। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने आरोप लगाया था कि यह जासूसी और बौद्धिक संपदा की चोरी का एक केंद्र है। शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों ने वाणिज्य दूतावास पर अमेरिका में बीजिंग के जासूसी अभियानों का हिस्सा होने का भी आरोप लगाया था। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव ने जिस तरह का गंभीर रूप धारण कर लिया है, उससे इस बात की आशंका गहराती जा रही है कि ये दोनों देश विश्व को किसी नए संकट में न धकेल दें। ऐसा इसलिए भी है कि अमेरिका और चीन की यह तनातनी अब राजनयिक संबंधों के स्तर पर भी साफ झलकने लगी है। इस हफ्ते दोनों देशों के बीच जिस तरह का घटनाक्रम चला, उससे तो यही लगता है कि यह विवाद आसानी से शांत नहीं होने वाला। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही एलान कर चुके हैं कि वे चीन को सबक सिखा कर ही दम लेंगे। जाहिर है, दोनों देशों के बीच अब खाई और चौड़ी होगी। हाल में मामला इसलिए गरमाया कि अमेरिका ने ह्यूस्टन में चीन के वाणिज्य दूतावास को बंद कर दिया और साथ ही यह धमकी भी दी कि वह ऐसे कदम आगे भी उठाएगा। अमेरिका में चीन के ऐसे पांच वाणिज्य दूतावास हैं। इसके जवाब में पलटवार करते हुए चीन ने भी अमेरिका से चेंगदू में अमेरिकी महावाणिज्य दूत के दफ्तर को बंद कर देने का फरमान सुना दिया। तकरार जब राजनयिक स्तर पर होने लगे तो इसे मामूली मान कर खारिज नहीं किया जा सकता। जब विवादों के बीच देश कूटनीति के स्तर पर इस तरह के कड़े फैसले लेते हैं तो इसके दूरगामी निहितार्थ होते हैं। ऐसा पहली बार हुआ है जब अमेरिका ने चीन के खिलाफ इतना बड़ा कदम उठाया है। चीन भी बराबरी पर उतरा हुआ है और चुप बैठने वाला नहीं है। दोनों का संदेश साफ है कि लड़ाई लंबी चलेगी। अमेरिका और चीन के बीच रिश्तों में गतिरोध पिछले तीन साल से बना हुआ है। दोनों देशों के बीच व्यापार युद्ध बड़ा मुद्दा है और यह ऐसा विवादित और पेचीदा मामला है कि राष्ट्रहित के लिए कोई भी देश आसानी से झुकने वाला नहीं है। व्यापारिक मुद्दों को लेकर दोनों देशों के बीच हुई वार्ताएं भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची हैं। लेकिन पिछले साल नवंबर से दुनिया में जिस तेजी से कोरोना महामारी फैली है, उसके पीछे ज्यादातर देशों को चीन का हाथ लग रहा है। अमेरिका तो खुल कर कह रहा है कि धरती पर कोरोनाविषाणु संक्रमण चीन ने ही फैलाया है और इस विषाणु को चीन ने वुहान की प्रयोगशाला में तैयार किया है। इसलिए पूरी दुनिया को एकजुट होकर चीन के खिलाफ खड़े होना चाहिए। चीन में कोरोनाविषाणु की उत्पत्ति को लेकर अमेरिका अपने स्तर जांच भी करवा रहा है। लेकिन इस सच्चाई से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इस आड़ में ज्यादातर देशों को साथ लेकर वह चीन की घेरेबंदी को मजबूत कर रहा है। चीन और अमेरिका के बीच लड़ाई वचर्स्व की है। कौन दुनिया का दादा बने, इसी के लिए एक दूसरे को पटखनी देने के खेल चल रहे हैं। इस साल नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव होने जा रहे हैं और ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। चीन की विस्तारवादी नीतियों से अमेरिका की नींद उड़ी हुई है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के समक्ष भी चीनी कम्युनिस्ट पार्टी व सत्ता पर पकड़ और मजबूत करने की चुनौती है।

मायूसी

कभी चेहरे पर मायूसी मत लाओ
निराशा में जीवन मत बिताओ
आशा का दीप मन में जला कर
नकारात्मक ऊर्जा के तम को भगाओ

बदलो अपनी सोच
विकार मन में न आनें दो
सकारात्मक सोच से भविष्य की नींव पक्की करो
सफलता, असफलता
दुखः, सुख
जिंदगी के अभिन्न अंग हैं
यह चौखट पर लगे
दो दरवाजों की
तरहा एक के बाद चढ़ते हैं
खुलते भी वैसे
वैमनस्य व्यवहार बदलें
मन एकाग्र कर अध्यात्मिक चिंतन करो
मायूसी प्रबल होनें पर
घोर चिंतन जिंदगी छीन भी सकता है
उद्वेलित मन शान्ति की ओर मुखर कर
क्षण में विचार धारा बदल देगा
निराशा को आशा में
असफलता को सफलता में
थोड़ा हंसो मुस्कुराओ
जिंदगी अनमोल है मायूसी में न गवाओ

शिव सन्याल
गा.डा.मकड़ाहन
ज्वाली कांगड़ा हि प्र

कोरोना

क्यों रोते हो कोरोना कोरोना
सावधानियों को तुम चुनो ना।

मुंह पर मास्क लगाना है
भीड़ में कहीं नहीं जाना है
एक फीट की दूरी से ही
सबसे मिलना मिलाना है।

भारतीय संस्कृति से अपनी
सब को अवगत कराना है।
छोड़कर अंग्रेज़ी सभ्यता
सबको नमन करो ना

जिसने की है लापरवाही
उसने कोरोना को भेंट चढ़ाई
सावधानी और संयम ने तो
कोरोना को भी धूल चटाई।

भारतवर्ष की भूमि पर
कौन यहां टिक पाया है
अब हमारे संस्कारों से
टकराने यह करोना आया है।

तुलसी, नींबू ,नीम
गिलोय और हल्दी
फिर सेवन में लाना है
बाहर की चाट से सुरक्षित
घर का पौष्टिक खाना है।

कोरोना को नियंत्रित करना
अब प्रथम उद्देश्य हमारा हो
खुशियां फिर से लौट के आए
जन जन का यह नारा हो।
क्यों रोते हो करोना करोना
सावधानियों को तुम चुनो ना।
जय हिन्द

प्रतिभा दुबे ÷अभिलाषी÷
ग्वालियर(मध्य प्रदेश)

जब आयाकोरोना का उफान तब बेफिक्र हुआ इंसान!

आम भारतीयों का मौजूदा रवैया जरूर चिन्ता में डाल रहा है। हालाकि इसकी शुरुआत मजदूरों के पलायन के बीच हो गई थी और संभव है कि वहीं से लापरवाही का वायरस निकला हो जिसने अब सबको लपेटे में ले लिया हो! अब नए सिरे से समझाना होगा कि कोरोना एक महामारी है, बचाव में समझदारी है, मास्क, साफ-सफाई और परस्पर दूरी से ही निपटना होशियारी है। कोरोना पर हर रोज चौंकाने वाले आंकड़े भले ही दुनिया भर की सरकारों के लिए चिन्ता का बड़ा कारण हों लेकिन यह भी सच है कि आज दुनिया में कहीं हो न हो लेकिन भारत में इंसान जितना बेफिक्र दिख रहा है, उतना लॉकडाउन के दौर में तो कतई नहीं था। क्या यह कोई मनोवैज्ञानिक स्थिति है या फिर कहींन कहीं सच को स्वीकारती सच्चाई, जिसे लेकर लोगइतने असंवेदनशील और सहज हो गए हैं कि जो हो रहा है वो भी मंजूर और जो होने की चर्चा है वह भी मंजूर! यकीनन यह मानसिक स्थिति कोरोना संक्रमण से भी कई गुना खतरनाक है क्योंकि लगता नहीं कि करुणा मर चुकी है ?लोग कोरोना के भयावह मंजर को देखने के डर को बुझे मन से ही सही मान तो नहीं चुके ?ऐसे में कोरोना से बड़ी जंग मानसिक स्थिति को मजबूत कर जीतनी होगी। आज जब कोरोना हर रोज अपने उफान यानी पीक पर पहुंच रहा है और लोग हैं कि बेफिक्र होते जा रहे हैं ?यह स्थिति बेहद चिन्ताजनक है। सोचना और समझना होगा कि लोग अपने स्वास्थ्य को लेकरएकाएक क्यों इतने गैर जिम्मेदार हो गए हैं ? कोरोना की जंग में खुद को बेहद मजबूत रख कर ही लड़ाई जीती जा सकेगी। अभी तो लड़ाई शुरू हुई है जो कठिन जरूर है लेकिन जीती जाने वाली भी है। ऐसे में बस जरूरत है तो इतनी कि मजबूत इच्छा शक्ति से कोरोना को चुनौती दें न कि स्वीकारें। तो फिर बेफिक्री कैसी ? इसको लेकर निश्चित रूप से देश व राज्य सरकारें अपनी-अपनी तरफ से जरूर फिक्रमन्द होंगी औरलोगों के मन में अनायास घर कर गए एक धीमें अवसाद की चिन्ता भी होगी। कोरोना को लेकर एक बड़ी सच्चाई जो जगजाहिर है किवुहान की औलाद की पूरी तासीर किसी को नहीं पता थी और अभी भी नहीं है।

उपवन-उपवन शाखा- शाखा ,कुहुक- कुहुक कोयलिया बोले ।
मीठे- मीठे गीत सुनाकर, आमों में मीठा रस घोले ।
आम्र वृक्ष फल-फूल रहे हैं ,हरियाली हर ओर छा रही ।
वात बह रही मदिर मदिर जब,हाय !सजन की याद आ रही।
अंग-अंग पुलकित धरणी का ,अरु अम्बर छाई उमंग है ।
लहर-लहर आनन्दित करती ,सागर में उठकर तरंग है ।
पावन रुत की छटा सुहावन,डोल रहा मन पवन हिंडोले ।
उपवन-उपवन शाखा- शाखा ,कुहुक- कुहुक कोयलिया बोले ।
अमराई में रंग- बिरंगे ,भांति- भांति के पुष्प खिले हैं ।
दिशा दिशा से चंचल पक्षी,करे चकित यूं यहां मिले हैं ।
प्राकृतिक अद्भुत सुंदरता ,सृष्टि गहन विस्तार लिए है।
मुग्ध करे यह दृश्य मनोहर,हृदय उतारे नयन दियें हैं ।
स्वर्णिम इन अनमोल पलों में, चहक कोकिला इत उत डोले ।
उपवन-उपवन शाखा- शाखा ,कुहुक- कुहुक कोयलिया बोले ।

रीनागोयल (सरस्वतीनगर) हरियाणा

मनाना है हमें मिलकर

ये बंधन नेह का बहना
निभाना है हमें मिलकर
या रूठ्ये तुम या रूठूँ मैं
मनाना है हमें मिलकर..।।

है पावन प्रेम का बंधन
बहन और भाई का रिश्ता
नहीं होगी कभी अनबन
निभाना है हमें मिलकर..।।

खुशी जो भी है जीवन में
उसे मिल बांट लेंगे हम
अगर दुःख भी कोई आए
बिताना है हमें मिकलर..।।

भाई और बहन का प्रेम
दुनिया में अलौकिक है
ना होंगे दूर तुमसे हम
बताना है हमें मिलकर..।।

ये पावन पर्व राखी का
तुम्हें खुशियां हजारों दे
चली हो जाओ तुम शामिल
मनाना है हमें मिलकर..।।

ये बंधन नेह का बहना
निभाना है हमें मिलकर
या रूठ्ये तुम या रूठूँ मैं
मनाना है हमें मिलकर..।।
मनाना है हमें मिलकर..।।

(रीता दीदी को समर्पित)

*****विजय कनौजिया*****
ग्राम व पत्रालय-काही
जनपद-अम्बेडकर नगर (उ0 प्र0)

बल के सदस्यों ने अफगानिस्तान के दक्षिणी उत्तराखंड जिले में चल रहे अभियान के दौरान 19 आतंकवादियों को मार गिराया था और उनके कई ठिकानों को नष्ट कर दिया था।

ईद पर कोरोना का खलल

इस्लामाबाद। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस ने पाकिस्तान में होने वाली बकरा ईद को लेकर बड़ा खलल पैदा कर दिया है। देश में प्रत्येक दिन आंकड़ा बढ़ रहा है। वहीं पाकिस्तान के मंत्री ने ईद के दौरान कोरोना के फैलने पर चेतावनी दी है। प्लानिंग विकास और विशेष पहल मंत्री असद उमर ने लोगों से ईद के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचने के लिए कहा है। इसके साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के की अपील की है। मालूम हो कि पाकिस्तान में कोरोना का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। यहां पर 1,226 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसके साथ ही देश में संक्रमितों की कुल संख्या 2 लाख 73 हजार का आंकड़ा पार कर चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से इस बारे में जानकारी दी गई है। वहीं, इस दौरान 35 लोगों की जान कोरोना की चपेट में आने से जा चुकी है, इसके साथ ही पाकिस्तान में कोरोना से मरने वालों का कुल आंकड़ा 5,882 तक पहुंच गया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के मंत्रालय ने कहा कि इस वक्त कुल 1,267 मरीज गंभीर स्थिति में हैं। इस वक्त वैश्विक स्तर पर 1 करोड़ 59 लाख 96 हजार के पार पहुंच गई है। वहीं मरनेवालों की संख्या 6 लाख 43 हजार 821 हो गई है। इस वायरस से सबसे अधिक अमेरिका प्रभावित है। यहां पर संक्रमितों का आंकड़ा 42 लाख 50 हजार के पार पहुंच गई है। दूसरे नंबर पर ब्राजील सबसे ज्यादा संक्रमित देश है। यहां पर संक्रमितों की संख्या 23 लाख 96 हजार के पार पहुंच गई है। वहीं मरनेवालों की संख्या 86 हजार के पार पहुंच गई है। तीसरे नंबर पर संक्रमित देश भारत है। यहां पर संक्रमितों का आंकड़ा 13 लाख के पार पहुंच गया है।

अमेरिका की ओर बढ़ रहे प्रचंड तूफान हन्ना और डगलस, हाई अलर्ट जारी

मियामी । अमेरिका की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे दो प्रचंड तूफानों के कारण जनजीवन प्रभावित होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हन्ना और डगलस नाम के ये तूफान देश के अलग-अलग इलाकों को प्रभावित कर सकते हैं। इस बीच मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर लोगों से घरों में ही रहने को कहा है। अटलांटिक महासागर में उठे उष्णकटिबंधीय तूफान हन्ना का दर्जा बढ़ा कर प्रचंड तूफान की श्रेणी में कर दिया गया है। टेक्सास तट की ओर बढ़ रहे इस तूफान के कारण भारी बारिश और बवंडर उठने का खतरा पैदा हो गया है। वहीं एक और तूफान हरिकेन डगलस कैरिबियाई द्वीपों की ओर बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने बताया कि तूफान की गति बढ़कर 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई है। केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि तूफान टेक्सास के क्रिस्टी से 160 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण पूर्व में स्थित है। यह 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम में टेक्सास तट की ओर बढ़ रहा है। तूफान की बढ़ी गति के मद्देनजर चेतावनी का दायरा बाफिन की खाड़ी और सर्जेंट से बढ़ाकर दक्षिणी खाड़ी पोर्ट मैन्सफील्ड तक कर दिया गया है। तूफान केंद्र के मुताबिक, समुद्र में पांच फुट ऊंची लहरें उठ सकती हैं। इसके मद्देनजर लोगों से स्वयं और अपनी संपत्ति को बचाने के लिए उपाय करने की सलाह दी गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, शनिवार को निचले और मध्य टेक्सास के तटीय मैदान में बंवडर उठ सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रचंड तूफान की चेतावनी पोर्ट मैन्सफील्ड से लेकर मैस्क्वाइट खाड़ी तक प्रभावी है। वहीं उष्णकटिबंधीय तूफान डगलस की चेतावनी मेक्सिको के बैरा अल मेजक्रिटल से लेकर टेक्सास के पोर्ट मैन्सफील्ड तक प्रभावी रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हन्ना के कारण रविवार रात भर में 13 से 25 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर 46 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है।

पाक के नक्शे में नदारद पीओके, पंजाब सरकार ने 100 से अधिक पुस्तकें की प्रतिबंधित

लाहौर। पाकिस्तान के नक्शे में पाक अधिकृत कश्मीक न दिखाए जाने पर पाक पंजाब प्रांत की सरकार ने स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले 100 से अधिक पाठ्यपुस्तकों पर प्रतिबंधित कर दिया है। प्रतिबंध लगाने की वजहों में %ईशनिंदा और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को देश का हिस्सा नहीं दिखाने जैसी आपत्तिजनक सामग्री% शामिल हैं। इन किताबों में से कई अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों की हैं। पिछले महीने ब्रिटिश-अमेरिकन लेखक लेस्ली हेजलटन की किताब को पंजाब में ईशनिंदा के आरोप में प्रतिबंधित कर दिया गया था। पंजाब पाठ्यसामग्री और पाठ्यपुस्तक बोर्ड के प्रबंध निदेशक राय मंजूर नासिर ने कहा कि कुछ पुस्तकों में पाकिस्तान के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना और राष्ट्रीय कवि मुहम्मद इकबाल के जन्म की सही तारीख भी नहीं छपी थी वहीं कुछ पुस्तकों में दो-राष्ट्र सिद्धांत के खिलाफ सामग्री थी। नासिर ने कहा कि 30 समितियों ने सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली करीब 10,000 पुस्तकों की समीक्षा की।

न्यूज एंकर बनेंगी ट्रांसपैरेंट पीपीई किट पहन कर कोरोना का इलाज करने वाली नर्स

एक रूसी स्पोर्ट्स ब्रांड की ओर से मॉडलिंग का ऑफर भी आया

मास्को। रूस के एक कोरोना अस्पताल में ट्रांसपैरेंट पीपीई किट पहनकर इलाज करने वाली नर्स नादिया जुकोवा अब न्यूज ऐंकर की भूमिका में नजर आएंगी। नादिया को मास्को के 100 मील की दूरी पर स्थित तुला के एक निजी न्यूज चैनल ने बतौर एंकर पॉर्ट टाइम नौकरी दी है। यहां वह शुरूआती दौर में मौसम से संबंधित जानकारी देती नजर आएंगी। ट्रांसपैरेंट पीपीई किट पहनने के बाद चर्चा में आई नादिया को एक रूसी स्पोर्ट्स ब्रांड की ओर से मॉडलिंग का ऑफर भी आया है। हालांकि, उन्होंने समय की कमी को बताकर इस ऑफर को ठुकरा दिया है। नादिया बतौर नर्स भी

काम करती रहेंगी, क्योंकि वह डॉक्टर बनने की ट्रेनिंग भी ले रही हैं। न्यूज ऐंकर के रूप में अपनी भूमिका को लेकर नादिया ने कहा कि वह इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने न्यूज चैनल का आभार भी जताया और कहा कि वह इस मौके का पूरा फायदा उठाएंगी। बता दें कि मई में रूस के कोरोना वार्ड में ट्रांसपैरेंट पीपीई किट पहनने के बाद उनकी नौकरी पर भी खतरे के बादल मडराने लगे थे। इसे लेकर सोशल मीडिया में भी जमकर बहस हुई थी। नादिया ने पीपीई किट मामले में अपनी सफाई में अस्पताल प्रशासन से कहा था कि उन्हें इस बात का अहसास नहीं था कि उसने जो पीपीई किट पहना है वह ज्यादा पारदर्शी है। उन्हें इसके बारे में तब पता चला जब वह दूसरे दिन अस्पताल में ड्यूटी के लिए पहुंची थी। जब नादिया के ड्रेस को लेकर रूसी क्षेत्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की तब उनके समर्थन में अस्पताल के डॉक्टर्स, दूसरे सहकर्मी और राजनेता सामने आए थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए मांग की थी कि कोरोना वायरस वार्ड में काम करने वालों को सही पीपीई किट मुहैया कराएं।

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने अपने चित्र का किया डिजिटल विमोचन

लंदन। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने कूटनीति में उनकी सेवाओं को सम्मानित करने के लिए विदेश कार्यालय

द्वारा तैयार कराए गए उनके एक नए चित्र का डिजिटल तरीके से विमोचन किया। मिरिअम एस्कोफेट द्वारा बनाए गए इस चित्र को दुनिया भर में ब्रिटेन के हितों को बढ़ावा देने के महारानी के कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिहाज से तैयार किया गया है। महारानी ने अपने कम्प्यूटर की स्क्रीन पर इस चित्र को देखा और पाया कि चित्र में उनकी मेज पर चाय का जो प्याला रखा दिखाया है उसमें चाय तो है ही नहीं। इस पर एस्कोफेट ने उन्हें बताया कि उन्होंने प्याले में विदेश एवं राष्ट्रमंडल कार्यालय (एफसीओ) का चिह्न बनाया है। एस्कोफेट ने बताया ?कि इस पर उन्होंने बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा ?कि वह मुस्कुरा रहा थीं और उन्होंने पूछा कि इसे बनाने में कितना वक्त लगा और क्या मेरे पास इसके बाद और भी प्रॉजेक्ट हैं। इस डिजिटल विमोचन कार्यक्रम के दौरान महारानी को बताया गया कि किस प्रकार से विदेश कार्यालय ने कोरोना वायरस संक्रमण से दौरान कार्य किया और दूरदराज की यात्राओं पर गए ब्रिटेन के हजारों पर्यटकों को वापस लाया गया।

बेलारूस के मिन्स्क के बाहरी इलाके में एक ग्रामीण व्यवसाय उत्सव में पारंपरिक वेशभूषा में सजे लोग कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

अमेरिका में नस्ली हिंसा के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान कार भीड़ में घुसी

वॉशिंगटन । अमेरिका में नस्ली हिंसा के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान देनवेर उपनगर में एक कार लोगों की भीड़ में घुस गई। औरोरा पुलिस विभाग ने ट्वीट किया कि इंटरस्टेट 225 पर शनिवार को प्रदर्शनकारियों की भीड़ में एक कार घुस गई। इस बीच एक प्रदर्शनकारी ने गोली चलाई, जिससे कम से कम एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं, जहां उसकी हालत स्थिर है। प्राधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने अदालत परिसर की खिड़कियां तोड़कर कार्यालय में आग लग गई। प्राधिकारियों ने बताया कि भीड़ को गैरकानूनी घोषित करते हुए प्रदर्शनकारियों को इलाके से जाने का आदेश दिया गया। अमेरिका में अफ्रीकी-अमेरिकी जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस कार्रवाई में मौत के बाद से देश में नस्ली हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन बढ़ गए हैं।

कोलोराडो में अगस्त, 2019

उत्तर कोरिया में कोरोना वायरस का पहला मामला

किम जोंग ने लगाई इमर्जेंसी

प्योंगयांग। उत्?तर कोरिया में कोरोना वायरस का पहला मामाला सामने आने का शक है। जानकारी के मुता?बिक इसी महीने अवैध रूप से बॉर्डर पार कर दक्षिण कोरिया से आए एक शख्?स में कोविड-19 के लक्षण मिले हैं। यह जानकारी आते ही किम जोंग उन ने पोलित ब्?यूरो की इमर्जेंसी मीटिंग बुलाई। फिर आपातकाल की घोषणा कर दी और केसांग शहर में लॉकडाउन कर दिया गया है। केसीएनए के अनुसार जिस शख्?स के कोविड-19 पॉजिटिव होने का शक है, वह तीन साल पहले दक्षिण कोरिया भाग गया था। अगर यह पॉजिटिव केस होता है तो उत्?तर कोरिया की तरफ से पहली बार देश में कोरोना वायरस की मौजूदगी कबूली जाएगी। नॉर्थ कोरिया अब तक यही कहता आया है कि उसके यहां कोविड-



19 महामारी का एक भी मामला नहीं है। बताया जा रहा है ?कि एक भगोड़ा जो तीन साल पहले दक्षिण कोरिया चला गया था और जिसके खतरनाक वायरस से ग्रस्?त होने का शक है, अवैध रूप से बॉर्डर पार कर 19 जुलाई को लौट आया है। यह नहीं बताया गया है ?कि उस शख्?स का टेस्?ट हुआ है या नहीं मगर यह कहा कि? %कई मेडिकल चेकअप्?स से एक अनिश्चित नतीजे तक पहुंचा गया है। अधिकारियों ने शख्?स को क्?वारंटीन कर उसके कॉन्?ट्रैक्?ट्स को खोजना शुरू कर दिया है। उत्?तर कोरिया ने कोरोना वायरस महामारी फैलने के साथ ही सख्?ती से बॉर्डर बंद कर दिए थे। रूस और अन्?य देशों ने उसे हजारों कोरोना वायरस टेस्टिंग किट्स भेजी हैं। वहां पर हजारों लोगों को क्?वारंटीन किया गया था मगर धीरे-धीरे ढील दे दी गई। किम जोंग ने सेना के उस टुकड़ी की भूमिका की जांच करने के आदेश दिए हैं जहां से यह संदिग्?ध उत्?तर कोरिया में घुसा। दोषियों को %सख्?त सजा% देने का आदेश भी किम ने दिया है।

चंबल कमिश्नर ने वीरपुर में जानी चंबल एक्सप्रेस-वे की प्रगति

राजस्व अमले ने दी एक्सप्रेस-वे कार्य की जानकारी

मुरैना। चंबल संभाग के कमिश्नर श्री आरके मिश्रा ने कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्योपुर जिले की वीरपुर तहसील के अंतर्गत चंबल एक्सप्रेस-वे क्षेत्र मे की जा रही कार्यवाहियों की प्रगति आज फोरेस्ट रेस्टहाउस वीरपुर पर राजस्व अमले से प्राप्त की। साथ ही एक्सप्रेस-वे में जाने वाली शासकीय एवं प्रायवेट भूमि की जानकारी तहसीलदार वीरपुर श्री वीरसिहं अवासिया एवं नायब तहसीलदार श्री नवलकिशोर जाटव से प्राप्त की। उन्होने वीरपुर तहसील में गुजरने वाले एक्सप्रेस-वे का मैप देखा। साथ ही मैंप के अनुसार वे में जाने वाली शासकीय, अशासकीय भूमि की जानकारी प्राप्त की। आयुक्त चंबल संभाग श्री मिश्रा ने वीरपुर रेस्टहाउस पर तहसील के क्षेत्र के ऐसे गांव जहां से एक्सप्रेस-वे गुजरेगा उनकी जानकारी प्राप्त की। साथ ही तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी द्वारा किये गये कार्य का अवलोकन किया। इसी प्रकार चंबल एक्सप्रेस-वे का कार्य समय सीमा में पूरा

करने के तैयार की गई फाइले देखी। उन्होने कहा कि तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार चंबल एक्सप्रेस-वे के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा में पूरा करावे। इस दौरान राजस्व अमले ने बताया कि चंबल एक्सप्रेस-वे की फाईले तैयार की जा रही है। साथ ही राजस्व अधिकारी और मैदानी अमला वे क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न प्रकार की कार्यवाहियों को अंतिम रूप दिला रहे है। इस अवसर पर तहसीलदार वीरपुर श्री वीरसिहं अवासिया ने बताया कि वीरपुर तहसील क्षेत्र में चंबल एक्सप्रेस-वे के अंतर्गत ग्राम मिलवाली में शिविर आयोजित कर ग्रामीणो से सहमति पत्र भरवाने की कार्यवाही की गई। साथ ही इस शिविर में चंबल एक्सप्रेस-वे क्षेत्र के ग्राम मिलवाली में क्षेत्र के ग्राम खेरोदाकलां, सुख्वास, भूरेडी, सुठआरा क्षेत्र के करीबन 200 व्यक्तियो के सहमति पत्र भरवाने का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। साथ ही वे से प्राप्त होने वाले लाभ भी ग्रामीणो को शिविर में समझाये गये।

(अच्छी खुश खबरी)

जिले में आज 71 कोरोना पॉजीटिव मरीज हुये डिस्चार्ज

मुरैना। कोरोना दिन प्रतिदिन अपनी रफ्तार बनाये हुये है किन्तु मुरैना जिले के लिये आज बहुत अच्छी खबर है कि कोविड के 71 मरीज रिकवर एक साथ डिस्चार्ज हुये है। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अमला दिन रात मेहनत करके लोंगो में इम्यूनिटी पैदा करने में लगे है, जिससे लोग जल्दी रिकवर होकर घर जा रहें है। सिविल सर्जन डॉ. एके गुप्ता ने बताया कि मुरैना जिले में कुल 1500 पॉजीटिव मरीज भर्ती हुये, जिनमें से 1342 मरीज रिकवर होकर अपने घर जा चुके है। इस प्रकार जिले की रिकवरी रेट 90 प्रतिशत जिले के लिये बहुत अच्छी खुश खबरी है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि रिकवर 71 मरीज स्वस्थ्य होकर घर गये है। जिनमें 55 मरीज जिला मुख्यालय से, 12 सीएससी, पीएससी एवं 4 ग्वालियर से रिकवर होकर घर पहुंचे है। उन्होंने बताया कि जिले में मात्र अभी तक 149 मरीज पॉजीटिव है। जिनमें 61 मरीज जिला चिकित्सालय में, 14 कस्तूरबा छात्रावास में, 15 ज्ञानोदय छात्रावास में और 59 मरीज पीएससी, सीएससी एवं ग्वालियर में अभी भर्ती है।

नवीन दतमजच योजना से गतिशील होंगे मुरैना की आजीविका मिशन के समूह

मुरैना। मुरैना जिले में आजीविका मिशन द्वारा 3800 से ज्यादा समूहों का गठन किया गया है। इन्हें प्रशिक्षित करते हुए क्षमता वर्धन का कार्य किया जा रहा है। इन समूहों को अब छम्ज्च् योजना के तहत कृषि, गैर कृषि गतिविधियों के तहत तकनीकी व उत्पादों को वेल्यू एडिशन कर उन्हें स्थानीय से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्पादों के रूप में स्थापित करने के काम में नियोजित किया जाएगा। अध्ययन से यह निष्कर्ष निकला है कि सरसों उत्पादों में कच्ची घानी तेल, खली व बायोफ्यूल ,मधु मक्खी पालन, शहद के उत्पादों को बाजार में स्थापित किया जा सकता है, जो मुरैना के ग्रामीण

उद्यमियों को तकनीकी, व्यवहारिक कौशल व वित्त पोषित भी करेगा। भारत सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से वित्त पोषित व मध्यप्रदेश शासन द्वारा जिला पंचायत मुरैना द्वारा मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का संचालन जुलाई 2017 से समस्त विकासखंडों में सघन रूप से किया जा रहा है। यह जिला पंचायत मुरैना के समस्त 7 विकासखंडों में संचालित है। मिशन का उद्देश्य जिले में समस्त सामाजिक आर्थिक वर्गीकृत (म्ब्ब्) सूची व वास्तविक रूप से कमजोर परिवारों का संस्थागत रूप से आर्थिक व सामाजिक रूप से सतत संवहनीय आजीविका उपलब्ध करवाना है। अभी तक कुल 4000 से अधिक परिवारों के 3960 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। कुल 206 ग्राम संगठन व 7 संकुल स्तरीय संगठन भी गठित है। इनमें से 1200 से अधिक को सामुदायिक निधि व बैंक शाखसीमा उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

कोविड-19 के मरीजो की व्यवस्थाओं पर चर्चा

मुरैना। चंबल संभाग के कमिश्नर श्री आरके मिश्रा ने कलेक्टर कार्यालय श्योपुर के सभागार में आयोजित बैठक में कोविड-19 के पॉजिटिव और संक्रमित मरीजो की सुविधाओ और उनके लिए की जा रही व्यवस्थाओ पर चर्चा की। बैठक में कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्री सम्पत उपाध्याय, डीएफओ सामान्य वन मंडल श्री सुधाश यादव, अपर कलेक्टर श्री एसआर नायर, सहायक कलेक्टर श्री पवार नवजीवन विजय, एसडीएम श्री रूपेश उपाध्याय, सीएमएचओ डॉ बीएल यादव एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त चंबल संभाग श्री आरके मिश्रा ने नोबल कोरोना वायरस कोविड-19 के अंतर्गत श्योपुर जिले में बढ रहे पॉजिटिव मरीजो की चिंता करते हुए कहा कि संक्रमण के प्रारंभिक माहो में श्योपुर जिले की स्थिति अच्छी थी। परंतु 21 जुलाई से पॉजिटिव केश बढ रहे है। उन्होने कहा कि पॉजिटिव केशो के मरीजो को नियमित रूप से उपचार दिया जावे। साथ ही उनको आईसोलेट वार्ड में सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जावे। उन्होने कहा कि मरीजो की बढती संख्या को देखते हुए करीबन 900 बेड चिन्हाकित करने के लिए छात्रावास आदि स्थान चिन्हाकित किये जावे। उन्होने कहा कि एक व्यक्ति पॉजिटिव होने पर उसकी एक माह की आमदनी प्रभावित होती है। इसलिए मेडीकल सुविधाएं प्रभावी बनाई जावे। जिससे वह 14 दिन आईसोलेट रहकर कोरोना को मात देने में सहायक बन सके। कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बैठक में बताया कि कोविड संक्रमण की दिशा में 540 बेड मरीजो के लिए तैयार कर लिये गये है। और बेडो को लिस्टेड करने की दिशा में विभागीय अधिकारी छात्रावास आदि का चयन कर रहे है।

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा शमी फेसबुक लाइव से शिक्षकों से करेंगी चर्चा

मुरैना। स्कूल शिक्षा विभाग की गतिविधियों एवं प्राथमिकताओं पर 27 जुलाई, सोमवार को सुबह 11 बजे से फेसबुक लाइव के माध्यम से चर्चा की जायेगी। फेसबुक लाइव में प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी, वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे। फेसबुक लाइव से शिक्षकों एवं अन्य मैदानी सहयोगियों को जोड़ा जाएगा, जिससे वे विभागीय गतिविधियों एवं प्राथमिकताओं से सीधे परिचित हो सकें। आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र श्री लोकेश कुमार जाटव ने सभी शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य समस्त संभागों के संयुक्त संचालकों, समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला परियोजना समन्वयकों एवं अन्य सहयोगियों को फेसबुक लाइव से जोड़ने के निर्देश दिये हैं। फेसबुक लाइव सत्र से जुड़ने के लिये सभी सहभागी अधिकारी, कर्मचारी मोबाइल में फेसबुक जुड़ सकेंगे। इसके अतिरिक्त ीजचे://लवनजनइमण्इम/3गंइसपजनउगा पर भी फेसबुक लाइव सत्र से जुड़ा जा सकता है।

आज विद्युत बंद रहेगी

मुरैना। विद्युत मंडल के उपमहाप्रबंधक ने बताया कि 11 केव्ही लाइनों का निर्माण कार्य एवं रख-रखाव हेतु 27 जुलाई 2020 को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक 11 केव्ही ऑल्ड फाटक फीडरों से संबंधित उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

प्रोग्रेस एक्सप्रेस-वे के क्षेत्र में सभी विभाग अपनी संभावनाएं तलाशे-कमिश्नर

विभागीय अधिकारियों की बैठक में प्रोग्रेस-वे की प्रगति की समीक्षा

मुरैना। चंबल संभाग के कमिश्नर श्री आरके मिश्रा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रोग्रेस एक्सप्रेस-वे की कार्यवाहियों को अमल में लाने के लिए निंरतर प्रयास कर रही है। इसलिए प्रोग्रेस (चंबल एक्सप्रेस-वे) के क्षेत्र में चल रही कार्यवाहियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाकर सभी विभाग अपनी संभावनाएं तलाशने की दिशा में काम करें। साथ ही पूरी प्लानिंग के साथ कार्यवाहियों को अंतिम रूप प्रदान करे। वे आज कलेक्टर कार्यालय श्योपुर के सभागार में प्रोग्रेस एक्सप्रेस-वे (चंबल एक्सप्रेस-वे) की दिशा में की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्री सम्पत उपाध्याय, डीएफओ सामान्य वन मंडल श्री सुधाश यादव, अपर कलेक्टर श्री एसआर नायर, सहायक कलेक्टर श्री पवार नवजीवन विजय, एसडीएम श्री रूपेश उपाध्याय, आरडीसी के सहायक महाप्रबंधक श्री सुनील पुआरे, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी श्री संकल्प गोलिया, जल संसाधन श्री सुभाष गुप्ता, पीएचई श्री संतोष श्रीवास्तव, पीआईयू श्री विपिन सोनकर, उपसंचालक कृषि श्री पी गुजरे, एआरसीएस श्री रविन्द्र कुमार शर्मा, उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ डीएम शर्मा, प्रभारी सीईओ जिला पंचायत श्री अजय उपाध्याय, डीएमओ श्री एएल पाण्डेय, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री पंकज शर्मा, मछली पालन श्री बीपी झसिया, नोडल अधिकारी सीसीबी श्री मातादीन डण्डोतिया एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। चंबल संभाग के कमिश्नर श्री आरके मिश्रा ने बैठक में कहा कि चंबल प्रोग्रेस-वे के अंतर्गत श्योपुर जिले में 100 किलोमीटर फोरलाईन सडक का निर्माण कराने की दिशा में राजस्व विभाग द्वारा भूमि के प्रकरण तैयार किये जा रहे है। उन्होने कहा कि

इस एक्सप्रेस-वे के अतंर्गत श्योपुर क्षेत्र के जलालपुरा, डाबरसा, पानडी एवं वीरपुर इलाके के 50 गाव आ रहे है। इन गांवो का प्रस्ताव तैयार किया जाकर सभी प्रकरणो में कार्यवाही अंतिम चरण में है। उन्होने कहा कि इस वे के अतंर्गत शासकीय एवं प्रायवेट जमीन आ रही है। प्रायवेट जमीन की जगह किसानो को अच्छी जमीन देने की कार्यवाही सुनिश्चित की जावे। उन्होने कहा कि विभिन्न विभागो के अंतर्गत इस वे के किनारे सभी प्रकार की गतिविधियां डालने के लिए विभागीय अधिकारी अपने विभाग की संभावनाएं तलाशे। आयुक्त चंबल श्री मिश्रा ने कहा कि इस वे के क्षेत्र में एग्रीकल्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यानिकी, एनआरएलएम, आदिम जाति कल्याण, एग्री टूरिम्, वन टूरिम् एवं विकास विभागो के माध्यम से वे क्षेत्र में सुविधाएं विकसित करने के लिए मूवमेंट जारी रखा जावे। इस वे के बनने से आवागमन के साधनो से श्योपुर, वीरपुर क्षेत्र जुड़ेगा। साथ ही होटल, ढाबे, मैरिज गार्डन, सांस्कृतिक गतिविधियो की दिशा में भी विभागीय अधिकारी आवश्यक कदम उठावे। साथ ही क्षेत्रीय ग्रामीणों को भी एक्सप्रेस-वे से मिलने वाली सुविधाओ से अवगत कराया जावे। इस दिशा में विभिन्न विभागो के अधिकारी प्रोजेक्ट तैयार कर जिससे प्रोग्रेस एक्सप्रेस-वे सभी के लिए लाईन लाइफ बनने में सहायक होगी। उन्होने कहा कि विभागीय अधिकारी चंबल एक्सप्रेस-वे (प्रोग्रेस-वे) के नक्शा के अनुसार भी कमर्शियल लाईन लाइफ के महत्व को बढ़ावा देने के प्रयास करे। कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बैठक में बताया कि प्रोग्रेस-वे (चंबल एक्सप्रेस-वे) के क्षेत्र में भूमि के प्रकरण राजस्व विभाग के माध्यम से तैयार किये जा रहे है। साथ ही वे क्षेत्र के गांवो में ग्रामीणो के सहमति पत्र शिविर लगाकर भरवाने की कार्यवाही जारी है। उन्होने कहा कि विभिन्न विभागो के अंतर्गत वे क्षेत्र में आने वाले ग्रामीणो को एक्सप्रेस-वे से मिलने वाली सुविधाओ एवं लाभो से अवगत कराने की कार्यवाही मैदानी अमले के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। आरडीसी के उपमहाप्रबंधक श्री

यूएई बोर्ड के महासचिव ने कहा, बिना दर्शक नहीं दर्शकों की मौजूदगी में होगा आईपीएल 2020

सरकार को कुछ योजनाओं का प्रस?ताव देकर इसकी भी मंजूरी लेंगे

नई दिल्ली। एशिया कप और टी20 वर्ल्ड कप 2020 के रद्द होने के बाद आईपीएल 2020 के आयोजन का रास्ता पहले ही साफ हो गया था। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन ब्रजेश पटेल ने आईपीएल के आयोजन स्थल से पर्दा भी उठा दिया।पटेल ने साफ कर दिया है कि साल 2020 का आईपीएल यूएई में होगा। आईपीएल का आयोजन 19 सितंबर से 8 नवंबर के बीच यूएई में किया जाएगा। यूएई क्रिकेट बोर्ड भी मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक आईपीएल की मेजबानी के लिए यूएई से आधिकारिक रूप से संपर्क नहीं किया है। मगर फिर भी यूएई बोर्ड आयोजन के लिए पूरी तरह से तैयार है। यूएई बोर्ड के महासचिव मुबाश?शीर उस?मानी ने कहा कि अप्रैल में हमने आईपीएल की मेजबानी में दिलचस?पी दिखाते हुए बीसीसीआई को लिखा था। हमने मीडिया में ब्रजेश पटेल के बयान को सुना और हम इसका स?वागत करते हैं। उन?होंने कहा कि हम पूरी तरह से तैयार हैं। एक बार आधिकारिक रूप से बीसीसीआई से सुन लें, फिर आगे के कामों में लग जाएंगे।

कहा जा रहा है कि आईपीएल का आयोजन बिना दर्शकों के खाली स?टेडियम में किया जाएगा। मगर स?टेडियम में फैंस के आने पर उस?मानी ने कहा कि हम अपनी सरकार को कुछ योजनाओं का प्रस?ताव देकर इसकी भी मंजूरी लेंगे कि टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए किस प्रोटोकॉल का पालन करने की जरूरत है। उन?होंने कहा कि जहां तक प्रशंसकों का सवाल है, हम चाहते हैं कि यूएई में हमारे एशियाई प्रवासी और अमीरात के लोग भी आएं और आईपीएल देखें। वे इस तरह के बड़े इवेंट को देखने के लिए काफी उत?सुक हैं। हम स?टेडियम में फैंस को लाने के लिए सरकार से कुछ छूट की अनुमति देने के लिए कहेंगे। दरअसल दुबई में कर्फ्यू हटाकर टूरिस?ट के आने की भी अनुमति है। मगर अबू धाबी और शारजहां में अभी भी प्रोटोकॉल और पाबंदियां है।

बिजली का बिल देख हरभजन के छूटे पसीने, पूछा पूरे मोहल्ले का जोड़ दिया क्या?

नई दिल्ली। टीम इंडिया के सीनियर ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह भले क्रिकेट मैदान पर खुद %दूसरा% फेंकने में माहिर हों। लेकिन इस बार मुंबई की बिजली कंपनी की %दूसरा% ने उन्हें आश्चर्य में डाल दिया है। भज्जी अपने मुंबई के घर का बिजली का बिल देखकर हैरान हैं। उन्होंने ट्विटर पर बताया कि यह सामान्य से 7 गुना ज्यादा आया है। लॉकडाउन के बाद से ही मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में बिजली उपभोक्ताओं की खूब शिकायतें आ रही हैं कि बिजली कंपनियां यहां मनमाना बिल भेज रही हैं। कई सिलेब्रिटीज ने अपने बिल को लेकर सोशल मीडिया पर बिजली वितरण कंपनियों के खिलाफ आवाज उठाई है, जिसमें अब हरभजन सिंह भी शामिल हो गए हैं। हरभजन ने अपने ट्वीट में हैरानी वाले तीन इमोजी बनाते हुए अडानी इलेक्ट्रीसिटी मुंबई को टैग करते हुए लिखा इतना बिल पूरे मोहल्ले का लगा दिया क्या? इसके बाद भज्जी ने इस बिजली कंपनी की ओर से आए बिल वाले मैसेज को पोस्ट करते हुए लिखा- %नॉर्मल बिल से 7 टाइम (गुणा) ज्यादा??? वाह% इस पोस्ट के मुताबिक भज्जी का 33,900 रुपए का बिल है। भज्जी इसे 7 गुणा ज्यादा बता रहे हैं यानी उनका मंथली बिजली बिल करीब 4500-5000 रुपये के बीच आता है।

पीसीबी बोला- 10 क्रिकेटरों के कोरोना संक्रमित होने पर इंग्लैंड दौरे पर जाने का फैसला लेना मुश्किल था



कराची । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 10 खिलाड़ियों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद बोर्ड पर काफी दबाव था कि वह इंग्लैंड दौरे पर अपनी टीम भेजे या नहीं लेकिन महामारी के बीच खेल की बहाली सुनिश्चित करने के लिए पीसीबी ने दौरे पर टीम भेजने का फैसला किया। पिछले महीने 10 खिलाड़ियों को इंग्लैंड दौरे की टीम से बाहर कर दिया गया था कि वे कोरोना वायरस परीक्षण में पॉजिटिव पाए गए थे। शादाब खान, हारिस राऊफ, हैदर अली, फखर जमां, मोहम्मद रिजवान, वहाब रियाज, इमरान खान, मोहम्मद हफीज, मोहम्मद हसनैन और काशिफ भट्टी उन खिलाड़ियों में शामिल थे जो पहले दौर में पॉजिटिव पाए गए थे। पाकिस्तान पांच अगस्त से इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों श्रृंखला खेलेगा जिसके बाद तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। पीसीबी के सीईओ वसीम खान के हवाले से पाकिस्तान के एक चैनल ने कहा, 'जब इतने सारे खिलाड़ी पॉजिटिव पाए गए तो बोर्ड पर काफी दबाव था।% इसलिए कोरोना वायरस महामारी के बीच क्रिकेट टीम को इंग्लैंड दौरे पर भेजना काफी मुश्किल फैसला था।%

खान ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बहाली सुनिश्चित करने के अलावा इंग्लैंड दौरे पर जाने का फैसला करने के पीछे कोई और कारण नहीं था। उन्होंने कहा कि पीसीबी ने इस बात पर भी गौर किया कि वेस्टइंडीज ने महामारी के बावजूद इंग्लैंड दौरे पर जाने का फैसला किया। खान ने कहा, 'जब भी हमारे से इंग्लैंड दौरे पर जाने का फैसला करने के बारे में पूछा जाएगा तो वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम से भी यही सवाल पूछा जाना चाहिए जिसने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मैच जारी रखने का फैसला किया।

गंभीर बोले- धोनी जब तक फिट और फार्म में उन्हें खेलते रहना चाहिए

नई दिल्ली। टीम इंडिया के हरफनमौला विकेटकीपर और बल्लेबाज एसएस धोनी को लेकर भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा कि धोनी जब तक फिट और फार्म में हैं, उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना चाहिये। सात जुलाई को 39 साल के हुए धोनी ने पिछले साल विश्व कप में भारत के सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद से क्रिकेट नहीं खेला है। गंभीर ने कहा, 'उम्र तो एक आंकड़ा है। अगर आप अच्छे फार्म में हैं और गेंद को बखूबी पीट रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'एमएस धोनी अच्छे फार्म में हैं और अपने खेल का मजा ले रहे हैं। अगर उन्हें लगता है कि वह अभी भी देश के लिये मैच जीत सकते हैं खासकर छठे और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करके।' उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, 'वह अगर फार्म में हैं और फिट हैं तो उन्हें लगातार खेलना चाहिये। उनसे कोई संन्यास के लिये जबर्दस्ती नहीं कर सकता।' उन्होंने कहा, 'एम एस धोनी जैसे खिलाड़ियों पर उम्र को लेकर कई विशेषज्ञ दबाव बना सकते हैं लेकिन यह व्यक्तिगत फैसला होता है।' कोरोना वायरस महामारी के कारण आईपीएल के संयुक्त अरब अमीरात में आयोजन को लेकर गंभीर ने कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आईपीएल कहां हो रहा है। यदि यूएई में हो रहा है तो कोई भी प्रारूप खेलने के लिये वह बेहतरीन जगह है। इससे लोगों का मूड भी बदलेगा। इसलिये यह आईपीएल बाकी तमाम आईपीएल से बड़ा है क्योंकि मुझे लगता है कि यह देश के लिये है।'

सौरभ गांगुली 2023 तक बने रहें बीसीसीआई अध्यक्ष- सुनील गावसकर

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि वह सौरभ गांगुली को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का अध्यक्ष बने रहते देखना चाहते हैं। गावसकर ने कहा कि मैं सौरभ और उनकी टीम को 2023 वर्ल्ड कप के अंत तक साथ देखना पसंद करुंगा। गावस्कर ने अपने कॉलम में लिखा, बीसीसीआई और उसके कुछ मान्यता प्राप्त संघों द्वारा कई आवेदनों की सुनवाई को स्थगित करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने भारतीय क्रिकेट को अनिश्चिता की स्थिति में पहुंचा दिया है। निश्चित ही, देश की सर्वोच्च अदालत के सामने क्रिकेट से भी ज्यादा कई अधिक महत्वपूर्ण मामले हैं। लेकिन भारतीय क्रिकेट प्रेमी उत्सुकता से फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

लीजेंड ऑफ चेस टूर्नामेंट में आनंद की लगातार पांचवीं पराजय

चेन्नई । भारतीय ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद को 1 लाख 50 हजार डॉलर इनामी लीजेंड्स ऑफ चेस ऑनलाइन टूर्नामेंट में हंगरी के पीटर लेको के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा है। यह आनंद की लगातार पांचवीं हार है।पूर्व विश्व चैंपियन ने अच्छी शुरुआत करते हुए बेस्ट ऑफ फोर बाजी के मुकाबले की पहली बाजी जीती, जिसके बाद अगली दो बाजियां ड्रॉ रहीं। लेको ने इसके बाद अंतिम बाजी जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया। हंगरी के खिलाड़ी ने इसके बाद टाईब्रेक जीतकर आनंद की एक और हार सुनिश्चित की। आनंद अब तक कोई मुकाबला नहीं जीत पाए हैं और अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रहे हैं। मैग्नस कार्लसन शतरंज टूर पर पहली बार खेल रहे आनंद को इससे पहले पीटर स्विडलर, मैग्नस कार्लसन, व्लादिमीर क्रैमनिक और अनीष गिरी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।

आईसीआईसीआई बैंक का पहली तिमाही मुनाफा 24 प्रतिशत बढ़कर 3,118 करोड़

नई दिल्ली । निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) का मुनाफा 24 प्रतिशत बढ़कर 3,118 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। हालांकि बैंक ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर किसी भी तरह की प्रतिकूल स्थिति के लिए 5,550 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। तिमाही के दौरान एकल आधार पर यदि बैंक के शुद्ध लाभ की यदि बात की जाए तो यह 36 प्रतिशत बढ़कर 2,599 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। तिमाही के दौरान बैंक ने आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. के 3.96 प्रतिशत तथा आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के 1.50 प्रतिशत शेयर कुल 3,092.93 करोड़ रुपये में बेचे। इससे बैंक का मुनाफा बढ़ा है। बैंक ने कहा है कि 30 जून तक मूल्य के हिसाब से ऋण की किस्त के भुगतान पर रोक की सुविधा का लाभ लेने वाले कर्जदारों की संख्या घटकर 17.5 प्रतिशत पर आ गई, जो अप्रैल में 30 प्रतिशत पर थी। इस समय उसके जितने ग्राहक इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं उनमें से 90 प्रतिशत से दोनों ही बार रोक की सुविधा का लाभ उठाया।

अमेजन, गूगल और विश ने नियो-नाजी उत्पादों को हटाया

वाशिंगटन । अमेजन, गूगल और विश ने सभी नियो-नाजी और श्वेत वर्चस्व दिखाने वाले उत्पादों को अपने प्लेटफॉर्म से हटाने की घोषणा की है। इन प्लेटफार्मों पर श्वेत-वर्चस्ववादी झंडे, नियो-नाजी किताबें और कू क्लक्स क्लान माल बिक्री के लिए उपलब्ध थे। इन तीनों कंपनियों ने बीबीसी को बताया कि नस्लवादी उत्पादों को उनके प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है। नस्लवाद रोधी संस्था एंटी डिफेमेशन लीग (एडीएल) के ओरेन सेगल ने बताया कि कंपनियों एल्गोरिदम के हिसाब से लगातार शीर्ष पर बने रहने का प्रयास करती हैं। डेमोस के मुताबिक इस तरह के ऑनलाइन एल्गोरिदम दुकानदारों और लोगो को घृणित जानकारियों की तरफ ध्यान दिला रहे हैं।

मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल में गिरावट, पामोलीन हुआ महंगा

सस्ते आयातित तेलों की देश में मांग बढ़ने से तिलहन फसलों के भाव पर भारी दबाव रहा

नई दिल्ली। गुजरात में किसानों और सहकारी संस्था नाफेड के पास पिछले साल के बचे भारी स्टॉक तथा विदेश से सस्ते तेलों का आयात बढ़ने के कारण बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में मूंगफली दाना (तिलहन फसल) सहित मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल कीमतों में गिरावट दर्ज हुई, जबकि कम दाम पर किसानों द्वारा बिकवाली रोकने से सरसों दाना सहित बाकी खाद्य तेलों के भाव तेजी के साथ बंद हुए। कारोबारी सूत्रों ने कहा कि सस्ते आयातित तेलों को देश में मांग बढ़ने के बीच सूरजमुखी और सोयाबीन दाना (तिलहन फसलों) के भाव पर भारी दबाव रहा और सोयाबीन दाना और लूज के भाव में भी गिरावट देखी गई। विदेशों से सस्ते खाद्य तेलों के आयात कारण देशी तेलों के भाव प्रतिस्पर्धी नहीं रह गए हैं और लॉकडाउन के बाद छोटी खानपान की दुकानों, होटलों और रेस्तरां में पाम तेल की मांग बढ़ी है जिससे पाम एवं पामोलीन तेल कीमतों में तेजी दिखी। जानकारी के मुता?बिक इस बार विदेशों में पामतेल का बम्पर उत्पादन होने की पूरी संभावना है जिसे निर्यात बाजार में खपाना लगभग मुश्किल होता देखकर किसान सूरजमुखी, मूंगफली और सोयाबीन दाना मंडियों में औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर हैं। ऐसे में किसानों को अपनी लागत निकालना भी भारी हो रहा है। बाजार में घरेलू मांग बढ़ने और आवक कम होने से समीक्षाधीन सप्ताहांत में सरसों दाना (तिलहन फसल) के भाव 185 रुपए की तेजी के साथ 4,665-4,715 रुपए प्रति क्विन्टल पर बंद हुए।

सोलर प्लांट की स्थापना हेतु गृह मंत्री द्वारा भूमि का निरीक्षण

ग्वालियर। गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आज भाण्डेर क्षेत्र में करीब 600-700 करोड़ रूपये की लागत से स्थापित होने वाले सोलर प्लांट हेतु चयनित भूमि का निरीक्षण किया। इसकी स्थापना एस.आर. कंपनी द्वारा की जा रही है। यह सोलर प्लांट करीब 105 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित होगा और इस सोलर प्लांट की स्थापना के बाद करीब 90 से 100 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। सोलर प्लांट की स्थापना हेतु भूमि परीक्षण समेत जमीन संबंधी अन्य कार्य प्रारंभ हो गए हैं। भूमि निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रजनी पुष्पेन्द्र रावत, एस.आर. कंपनी की ओर से श्री संदीप जैन एवं वरिष्ठ प्रबंधक श्री अश्विन गोथरा, श्री सुरेन्द्र बुधोलिया, श्री संतराम सरोनिया, श्री प्रदीप अग्रवाल, श्री आशाराम अहिरवार, श्री सतीश यादव, श्री मुकेश यादव, श्री अतुल भूरे चैधरी, श्री जीतू कमरिया आदि उपस्थित थे।

गृह मंत्री द्वारा दतिया समेत गढ़ी एवं डोगरपुर में जरूरतमंदों को राहत सामग्री वितरित

ग्वालियर। गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आज दतिया नगर की शिशु वाटिका पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने सेनेटाइजर से लोगों के हाथ धुलवाए और उनका हालचाल जाना। उन्होंने लोगों से कहा कि राज्य सरकार उनके साथ है और जरूरतमंदों की हर संभव मदद करेगी। आपने किला चौक पर पौधा भी रोपा। गृह मंत्री ने गढ़ी एवं डोगरपुर में प्रवासी मजदूरों को संबल योजना के पंजीयन प्रमाण-पत्र बांटे। आपने जरूरतमंद परिवारों के सेनेटाइजर से हाथ धुलवाएं एवं उन्हें राहत सामग्री भी बांटी। आपने उन्हें रोपने के लिए पौधे भी वितरित किए। गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री का डोगरपुर में आत्मीय स्वागत किया गया। मंत्री डॉ. मिश्रा के साथ सर्वश्री सुरेन्द्र बुधोलिया, प्रदीप अग्रवाल, आशाराम अहिवार, प्रशांत डेंगुला, योगेश सक्सेना, सतीश यादव, राजू त्यागी, अतुल भूरे चैधरी, विनय यादव, पुष्पेन्द्र रावत, अमित महाजन, सुनील दुवे, मुकेश यादव, सुभाष अग्रवाल, सैयद अली जैदी, श्रीमती रामलली दांगी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दतिया श्री गिर्राज दुवे उपस्थित थे।

वार्ड 56 में पानी की सप्लाई टैंकरों से

वासुदेव मिश्रा रिपोर्टर

ग्वालियर। वार्ड नंबर 56 के पारस विहार कॉलोनी क्षेत्र में विगत चार-पांच दिनों से पानी मोटर में खराबी आने के कारण से पानी की आपूर्ति नहीं हो पाने से क्षेत्रवासियों को पानी की काफी दिक्कतें आ रही है। पूर्व पार्षद डॉ सतीश सिंह सिकरवार एवं नगर निगम के अधिकारियों द्वारा क्षेत्रवासियों को पानी की किल्लत ना हो टैंकरों से पानी की सप्लाई हो रही है। क्षेत्रीय निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता के के शर्मा ने जानकारी दी कि डॉक्टर सतीश सिकरवार द्वारा क्षेत्रवासियों की समस्या के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। क्षेत्रवासी ने जानकारी दी कि देवेंद्र शर्मा,महेंद्र सिंह राणा मैं भी पानी की सप्लाई पर्याप्त रूप से की जा रही है। वार्ड 56 में ठीक है एक-दो माह से पानी की मोटर खराब होने के कारण से दिक्कतें देखी गई

अपर कलेक्टर ने सभी पूर्व पार्षद गणों के साथ की बैठक

कोरोना के संकट काल में सभी करें सकारात्मक सहयोग

ग्वालियर । कोरोना वायरस संक्रमण काल में स्वास्थ्य सेवाओं के कारण किसी भी मरीज अथवा संभावित को कोई समस्या ना हो तथा कोरोना संक्रमित एवं उससे संबंधित सिम्टम्स वाले मरीजों की आवश्यक जांच हो तथा उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले। इसके लिए हम सभी को अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान कर अपने क्षेत्र के इंसीडेंट कमांडर के साथ कार्य करना है तभी हम कोरोना की इस जंग में जीत पाएगे। उक्त आशय के विचार अपर कलेक्टर आशीष तिवारी ने आज ग्वालियर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर आयोजित शहर के सभी पूर्व पार्षद गणों के साथ बैठक में कोरोना के संकट काल में सकारात्मक सहयोग करने की अपील करते हुए व्यक्त किए। बाल भवन के सभागार में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर तिवारी ने सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में कोरोना संक्रमण काल के दौरान पूर्ण सकारात्मक सहयोग के साथ इंसीडेंट कमांडर का सहयोग करें जिसमें सैनिटाइजेशन, क्षेत्र में कोरोना संक्रमित एवं संभावित की कॉन्ट्रैक्ट हिस्ट्री तथा वार्ड में जो कोरोना संक्रमित व संभावित उनके स्वास्थ्य सेवाओं हेतु एवं आवश्यकता अनुसार बीमारी के लक्षण दिखने वाले क्षेत्र के नागरिकों की जानकारी इंसीडेंट कमांडर व अन्य अधिकारियों को देने तथा उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने हेतु प्रयास करने सहित अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग करें जिससे हम कोरोना जैसी महामारी को हरा सकें। इसके लिए सभी इंसिडेंट कमांडरों को भी निर्देश दिए जाएंगे कि वह क्षेत्र के जनप्रतिनिधि का सहयोग लें तथा आप सभी जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए मोबाइल नंबर और व्हाट्सएप नंबर पर आवश्यक जानकारियां साझा कर सकते हैं। बैठक में अपर कलेक्टर तिवारी के साथ अपर आयुक्त नरोत्तम भार्गव, तहसीलदार सुश्री शिवानी पांडे, पूर्व सभापति राकेश माहौर , पूर्व नेता प्रतिपक्ष कृष्ण राव दीक्षित, पूर्व पार्षद सतीश बौहरे, जगत सिंह कौरव, धर्मेंद्र राणा , दिनेश दीक्षित, धर्मेंद्र कुशवाहा, मुकेश परिहार, दयाराम पाल, जय सिंह सोलंकी, हेतराम बाथम, चतुर्भुज धनौलिया, जबर सिंह, जनप्रतिनिधि भूपेंद्र कुशवाहा, स्वतंत्र कुमार सक्सेना, जितेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में पूर्व पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रश्मि चौहान को भारतीय नमो संघ महिला मोर्चा का संभागीय अध्यक्ष बनाया गया

मोदी सरकार की योजनाओं को जन जन तक पंहुचाना ही नमो संघ का उद्देश्य है,,,

जिला ग्वालियर

भारतीय नमो संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बरिष्ठ भाजपा नेता मनोज कुमार मन्नू जी के निर्देश पर एवम नमो संघ के संरक्षक भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत गौतम जी एवं भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री पूजा कपिल मिश्रा जी एवम नमो संघ महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया सिन्हा एवम महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अस्वनी चौधरी की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश के नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश दीक्षित ने प्रदेश ओर देश में चल रहे संघटन विस्तार के तहत ग्वालियर संभाग महिला मोर्चा का अध्यक्ष रश्मि चौहान को बनाया गया, इस अवसर पर नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता मुकेश दीक्षित कहा नमो संघ का उद्देश्य मोदी जी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना है,,मुकेश दीक्षित ने आगे कहा कि ने कहा नमो संघ का पूरे मध्यप्रदेश में संगठन विस्तार चलाया जा रहा है नमो संघ का उद्देश्य सत्ता नही व्यवस्था परिवर्तन का है भ्रस्टाचार ,जातिवाद अलगाववाद मुक्त अखंड भारत निर्माण करना है, ओर मोदी सरकार की जन हितैषी योजनाओं को आम जनता तक पंहुचाना ओर उनको लाभ दिलाने का काम करना है,पूरे प्रदेश में नमों संघ का सदस्यता अभियान आगामी माह से प्रारम्भ किया जाएगा एवम सभी जिलों में जन जागरण यात्राये ओर जन समस्याओं को लेकर शिविर लगाये जायेंगे,तथा लोगो को संगठन से जोड़ा जाएगा,उन्होंने आगे कहा अब वो दिन दूर नही जब हमारा देश अखंड भारत विश्व गुरु कहलायेगा,उन्होंने आगे कहा की मोदी सरकार ने जन हित में सेकड़ो जन कल्याणकारी योजनाओं को लाकर आम आदमी के हित मे बहुत सराहनीय कार्य किया है,जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुषमान भारत योजना ,ओर किसान समृद्धि योजना आम आदमी के लिए बरदान साबित हो रही है,इस अवसर पर नव नियुतु महिला मोर्चा संभागीय अध्यक्ष रश्मि चौहान ने कहा कि संघटन ने जो मुझे जिम्मेदारी सौपी है उसे में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाउंगी,ओर मोदी जी की नीतियों और उनके विचारों को जन जन तक पहुचाने का कार्य करूँगी,ओर राष्ट्र हित में काम कर रही भारतीय जनता पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी,,इस अवसर पर नवनियुक्त महिला मोर्चा संभागीय अध्यक्ष रश्मि चौहान को नमो संघ परिवार में सम्मलित होने पर सभी बरिष्ठ जनों ने बधाई,बधाई देने बालो में भारतीय नमो संघ के प्रदेश संघटन मंत्री रामेन्द्र शर्मा,नमो संघ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक इमरान अली खान, प्रदेश ,अरविंद नरवरिया प्रदेश उपाध्यक्ष ,प्रदेश महामंत्री संतोष सिंह राठौड़ पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष खंडवा ,,फरमान खान प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक, संभागीय महासचिव मनोज जैन,ग्वालियर जिला अध्यक्ष उदय सिंह कौरव,सहित सभी ने बधाई दी,,,

वृक्षारोपण कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय, ग्वालियर द्वारा

पोधारोपड़ कोरोना संकट में पर्यावरण के लिये सार्थकः डॉ. संजय

ग्वालियर । प्रकृति को संरक्षित करने के लिये कोविड 19 के समय स्वच्छ वातावरण रहे जिसके लिये पोधारोपड़ कोरोना संकटकाल सबसे उपर्युक्त कार्य है क्योंकि हमारा षरीर स्वस्थ रहेगा तभी हम अपनी रोकप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा पायेगें तभी कोरोना जैसे संकट को आसानी से दूर भगा सकते है। हरियाली महोत्सव के अन्तर्गत वृक्षारोपण करने के लिए उच्च षिक्षा विभाग ने पौधों को रोपने का लक्ष्य बनाया है जिसके अन्तर्गत माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 58 पौधों को चकलेष्वर महादेव मंदिर परिसर में लगाया गया। वरिश्ठ कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. संजय कुमार पाण्डेय, माधव महाविद्यालय, ग्वालियर के नेतृत्व में 25 छात्र-छात्राओं द्वारा पौधे रोपण किया गया। इस पौधारोपण कार्यक्रम में फलदार व छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। डॉ. पाण्डेय ने कहा ÷धरती करती यही पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार÷ के वाक्य को चरितार्थ करते हुये युवा षक्ति ने पौधा रोपण कार्यक्रम किया। जिस प्रकार हम अपना श्रृंगार करके अपने आप को सुन्दर दिखने की कोषिष करते हैं। उसी प्रकार धरती का श्रृंगार धरती माँ का श्रृंगार वृक्ष होते है। जिसे लगाकर हमें यह कार्य पूर्ण कर चाहिये। वृक्ष केवल समाज में बाल अवस्था (पौधे) के रूप में रहते हुऐ अपना संरक्षण चाहता है तथा वृक्षा अवस्था होने से अन्त तक वह हमसे इसके बदले में जीवन पर्यन्त आपके जीवन को जीवन्त बनाता है। इसके साथ ही वृक्ष से जीवनदायनी ऑक्सीजन लेना व मनुश्य द्वारा छोड़ी जाने वाली कार्बन-डाई ऑक्साइड को ग्रहण करने का कार्य भी वृक्ष ही करता है जो जीवन के लिये बहुमूल्य है। इसके साथ ही साथ वृक्षों द्वारा हमें फल, औशधियाँ, खाद, छायाँ, लकड़ियाँ आदि के रूप में जीवन पर्यान्त प्रदान करता रहता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पाण्डेय ने बताया कि पर्यावरण के सन्तुलन के लिए अधिक से अधिक पौधा रोपण समाज का दायित्व है जिसका निर्वहन हम सभी को मिलकर करना चाहिए, साथ ही वृक्ष लगाना ही पर्यावरण सन्तुलन का आधार न होकर उसका संरक्षण भी आवष्यक है जिससे उसका जीवन बनाऐ रखे। एक वृक्ष लगाना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना सौ पुत्रों की सेवा करना। हमें पौधे लगाने के साथ ही कम से कम एक वर्श तक उसकी देखभाल करना आवष्यक है। इस कार्यक्रम में स्वयं सेवक तरूण रोहिरा, अंकुर चौरसिया, हेमन्त मांझी, अनुरूद्ध षर्मा, विनय प्रताप, कु. प्रियंका किरार, अनुभव दीक्षित आदि उपस्थित थे।

नये एसपी सांघी 27 को पदभार संम्हालेंगे

ग्वालियर। ग्वालियर के नवागत पुलिस अधीक्षक अमित सांघी कल 27 जुलाई को सुबह अपना पदभार संम्हालेंगे। सागर से वह कार द्वारा आज देर सायं तक ग्वालियर आ जायेंगे। नवागत पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने इस प्रतिनिधि से चर्चा में कहा कि वह ग्वालियर में और बेहतर पुलिसिंग के लिये काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी फिलहाल कोरोना का कहर चल रहा है, इसीलिये वह सबकी सुरक्षा के उददेश्य को लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम में आपसी तालमेल , सहयोग व थानों का आधुनिकीकरण भी उनकी प्राथमिकता रहेगी। ज्ञातव्य है कि अमित सांघी सागर से पूर्व मुरैना में भी पुलिस अधीक्षक के रूप में काम कर चुके हैं।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह
श्रंद्धाजलि
शोक संदेश
उठावनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

स्वामाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, सिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक- एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, सिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478